

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


हॉलीवुड फिल्म से दिशानी चक्रवर्ती ...8




दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

सोमवार, 17 अक्टूबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्षः 09 अंकः 297 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


### पंच परमेश्वर सम्मेलन में बोले जेपी नड्डा

## केजरीवाल ने दिल्ली को किया बेहाल, अब तुम्हे जाना होगा, बीजेपी को यहां आना होगा

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली के रामलीला मैदान से पंच परमेश्वर सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो राजनीतिक पार्टियां इतनी बड़ी संख्या में जनसभा नहीं कर पाती हैं, उतनी हमारे यहां कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हो जाता है। बड़े राजनीतिक दल का दावा करने वाली पार्टियां रामलीला मैदान में जनसभा नहीं कर पाती और बीजेपी का कार्यकर्ता सम्मेलन यहां होता है। हमारी उत्पत्ति 1950 के दशक में हुई। सारी पार्टियों के आचार, विचार, तौर–तरीके और सोच बदल गई, समाजवादी समाजवादी नहीं रहे, कम्युनिस्ट कम्युनिस्ट नहीं रहे और इंडियन नेशनल कांग्रेस ना इंडियन ना नेशनल ना ही कांग्रेस रह गई, बस भाई बहन की पार्टी बन गई। नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत के अंतर्गत हमने गरीबों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित किया है। देश भर में करोड़ों गरीबों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड दिया गया है। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है कि दिल्ली में केजरीवाल ने गरीबों को आयुष्मान भारत योजना से वंचित रखा है। ऐसी हैं केजरीवाल सरकार की क्रांतिकारी नीतियां, जिसे जनता को ध्यान में रखना चाहिए। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में घोटाले पर घोटाला किया है।




आज केजरीवाल सरकार, घोटालों की सरकार बन गई है। केजरीवाल तुमने दिल्ली को किया बेहाल, अब तुम्हे दिल्ली से जाना होगा, भाजपा को यहां आना होगा। सेवा भाव, संतुलन, संयम, समन्वय, सकारात्मक, सद्भावना और संवाद के आधार पर भाजपा का कार्यकर्ता समाज की सेवा कर रहा है। हम वो पार्टी हैं जो गांव, गरीब, दलित, वंचित, शोषित, महिला, युवा, किसान को मजबूती प्रदान कर रही है। भाजपा में आज लोक सभा में 302 एमपी हैं। राज्य सभा में 92 एमपी हैं, हमारे 1,395 विधायक हैं। देश के 18 राज्यों में एनडीए की सरकार है, जिसमें 12 में पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार है। भाजपा एक वैचारिक पार्टी है, कैडर बेस पार्टी है। हमने कहा पंच परमेश्वर, हर बूथ से पांच कार्यकर्ता आएगा तो ये हमारा पंच परमेश्वर सम्मेलन हो जाता है। जब हम कहते हैं बूथ समिति तो यही संख्या पांच लाख हो जाती है। ये ताकत अगर किसी में है तो वो भाजपा में है। जेपी नड्डा ने कहा कि जो राजनीतिक पार्टियां इतनी बड़ी संख्या में जनसभा नहीं कर पाती हैं, उतनी तो हमारे यहां कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हो जाता है।

## दिल्ली के बलजीत नगर में हिंदू युवक की पीट–पीटकर हत्या

### उफीजा, अदनान और अब्बास पर आरोप, इलाकों में लोगों ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। दिल्ली के बलजीत नगर में दो गुटों में बवाल मचा है। मारपीट में एक युवक की मौत हो गई है जबकि कुछ लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लड़ाई में मारे गए युवक की पहचान नितेश के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि तीन युवकों से हुई लड़ाई में नितेश की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद इलाके के लोगों में आक्रोश भड़क गया और सड़क जाम कर हंगामा किया गया। युवक की हत्या का आरोप मुस्लिम समुदाय के लड़कों पर लगा है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। मृतक के परिवार का आरोप है कि गाली देने को लेकर झगड़ा हुआ था। उसके बाद नितेश और उसके दोस्त आलोक की पिटाई की गई। पुलिस ने क्या कहा?: डीसीपी श्वेता चौहान ने कहा कि नितेश और आलोक के ऊपर पहले से आपराधिक मामले हैं। इन लोगों ने दूसरे लड़कों को रोककर मारा है। यह दो पक्षों के बीच का मामला है और अब तक इसमें कोई सांप्रदायिक कारण सामने नहीं आया है। हमने उफीजा, अदनान और अब्बास की पहचान की है। वह फरार हैं। इनकी तलाश जारी है। दो गुटों में आपस में झगड़ा हुआ जिसमें आलोक, नितेश और मोंटी एक गुट में थे और दूसरे गुट में तीन और लोग थे। हमने डीडी एंट्री कर मामला आईपीसी की धारा 308 के तहत दर्ज किया था। नितेश की कल अस्पताल में मृत्यु हुई है। हमने अब इसमें हत्या का मामला दर्ज किया है। बीजेपी नेता और सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रशांत उमराव ने ट्वीट करते हुए कहा कि दिल्ली के शादीपुर में बजरंग दल कार्यकर्ता नितेश की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई है। कुछ दिनों पहले सुदंर नगरी में मनीष की हत्या का आरोप भी इसी समुदाय पर था।



## 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां राष्ट्र को समर्पित

### पीएम मोदी बोले– देश में तेजी से आगे बढ़ रहा E-Court मिशन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां राष्ट्र को समर्पित किया। भारत के सामान मानव के जीवन को आसान बनाने के लिए जो अभियान चल रहा है, डिजिटल बैंकिंग इकाइयां उस दिशा में एक और बड़ा कदम है। ये एक ऐसी विशेष बैंकिंग व्यवस्था है जो कम से कम इंफ्रास्ट्रक्चर में अधिक से अधिक सेवा देने का काम करेगा। ये सेवाएं पहले से कहीं ज्यादा आसान होंगी। इनमें सुविधा होगी और एक मजबूत डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा भी होगी। गांव और छोटे शहर में जब कोई डिजिटल बैंकिंग यूनिट की सेवाएं लेगा तो उसके लिए पैसे भेजन से लेकर लोन लेने तक सबकुछ आसान और ऑनलाइन हो जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि हमने बैंकिग सेवाओं को दूर–सुदूर में घर–घर तक पहुंचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आज भारत के 99: से ज्यादा गांवों में पांच किमी के अंदर कोई न कोई बैंक ब्रांच, बैकिंग आउटलेट या बैंकिंग मित्र मौजूद है। हमारी सरकार का लक्ष्य भारत के सामान्य मानवी को सशक्त करना है उसको ताकतवर बनाना है। इसलिए हमने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को ध्यान में रखकर नीतियां बनाई और पूरी सरकार उसकी सुविधा और प्रगति के रास्ते पर चली। आज देश में हर एक लाख वयस्क आबादी पर जितनी बैंक शाखाएं मौजूद हैं, वो जर्मनी, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से भी ज्यादा है। हम सामान्य मानवी के जीवन स्तर को बदलने का संकल्प लेकर दिन–रात मेहनत कर रहे हैं। हमारा संकल्प व्यवस्थाओं में सुधार और पारदिर्शता लाने का है। पीएम मोदी ने कहा कि जब हमने जन–धन अकाउंट की मुहिम शुरू की तब आवाजें उठीं कि गरीब बैंक खाते का क्या करेगा। यहां तक की इस फील्ड के कई एक्सपर्ट इस अभियान का महत्व नहीं समझ पा रहे थे। लेकिन बैंक खाते की ताकत क्या होती है, ये आज पूरा देश देख रहा।




## ब्रिटेन में हिंदुओं को डर लगता है, पीएम लिज ट्रस को पत्र लिखकर 180 हिंदू संगठनों की ये 6 अपील

ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय हिंदू संगठनों और मंदिरों ने प्रधानमंत्री लिज ट्रस को पत्र लिखा है जिसमें अपने डर का जिक्र किया है। इन संगठनों की कुल संख्या 180 बताई गई है। इस पत्र में उन्होंने लिटस्टर हिंसा की जांच की मांग की है। इसके साथ ही उनकी रक्षा करने का अनुरोध भी किया है। इन हिन्दू संगठनों ने बताया कि उन्हें टारगेट किया जा रहा है। लिसेस्टर और बर्मिंघम में हिंसा के बाद से ही ब्रिटेन में ये खतरा महसूस हो रहा है। पत्र लिखने वालों ने प्रधानमंत्री ट्रस से छह अपील की हैं। ब्रिटिश पीएम को लिखे पत्र में अपील की गई कि हम आपका ध्यान बर्मिंघम, लेस्टर सहित पिछले दिनों हुई हिंसा की तरफ आकर्षित करना चाहते हैं। इन जगहों में हिंसा में भारतीय और हिंदू समुदायों को काफी परेशान किया जा रहा है। इन हिंसा वाले इलाकों में हिंदू समुदायों के प्रति नफरत चरम पर है। हिंदुओं पर शारिरीक हमले, सोशल मीडिया पर उत्पीड़न, स्कूलों और वर्कप्लेस में सॉफ्ट टारगेटिंग के जरिए खुली हिंसा, धमकी और दुर्व्यवहार किया गया है। लिज ट्रस को लिखे पत्र में कहा गया कि हिंदू समुदाय ने करीब आधी सदी से ब्रिटेन को अपना घर बना रखा है। हम आबादी में दो फीसदी से भी कम हैं। फिर भी हमारा योगदान अहम है। साथ ही भारतीय यहां पर कानूनों का पालन भी पूरी तरह से करते हैं। इसके बावजूद हम यहां पर पूरी तरह से असुरक्षित और डरा हुआ महसूस करते हैं। पत्र में कहा गया है कि आपको लीसेस्टर में हुई हिंसा और बर्मिंघम में एक मंदिर के बाहर आक्रामक विरोध के साथ–साथ नॉटिंघम में हिंदू समुदाय को परेशान करने और वेम्बली में लंदन के प्रतिष्ठित सनातन मंदिर के बाहर के शातिर प्रयासों के बारे में पता होना चाहिए। हालांकि लीसेस्टर में जो हुआ उसकी वजह कई और जटिल हैं, लेकिन ये हिंसा और धमकी के माध्यम से एक हाशिए पर मौजूद हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया है।




## सात विधानसभा सीटों पर उपचुनावः सभी की नजरें अंधेरी पूर्व पर शिवसेना के खेमों पर टिकी

नयी दिल्ली। बिहार और महाराष्ट्र में तीन नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव इन राज्यों में सत्ता परिवर्तन के बाद बनी सरकारों की लोकप्रियता की पहली चुनावी परीक्षा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिवसेना का उद्धव ठाकरे खेमा अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर एक–दूसरे के खिलाफ हैं। इस सीट पर उपचुनाव एकनाथ शिंदे की अगुवाई में शिवसेना में बगावत के पश्चात राज्य में महा विकास आघाडी सरकार के गिरने के बाद जनादेश की पहली परीक्षा है। शिंदे शिवसेना के 55 विधायकों में से 40 विधायकों का समर्थन जुटाकर ठाकरे की जगह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए थे। भाजपा ने उपचुनाव में ठाकरे खेमे की उम्मीदवार ऋतुजा लटके के खिलाफ मुरजी पटेल को खड़ा किया है और कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) तथा वाम दल भाजपा के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। इस सीट पर शिवसेना विधायक रमेश लटके के निधन के बाद उपचुनाव कराना जरूरी हो गया था। बिहार में मोकामा और गोपालगंज विधानसभा उपचुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भाजपा से गठबंधन तोड़कर लालू प्रसाद की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से हाथ मिलाने के बाद पहली चुनावी परीक्षा है। मोकामा से राजद के विधायक और स्थानीय प्रभावशाली नेता अनंत सिंह को एक आपराधिक मामले में दोषी ठहराये जाने के बाद उन्हें विधायक पद के लिए अयोग्य करार दिया गया था जिससे यह सीट खाली हुई जबकि गोपालगंज से भाजपा विधायक सुभाष सिंह के निधन के कारण उपचुनाव कराना पड़ा है। मोकामा से राजद ने अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को प्रत्याशी बनाया है जबकि भाजपा ने एक अन्य कद्दावर नेता लल्लन सिंह की पत्नी सोनम देवी को टिकट दिया है। गोपालगंज में भाजपा ने राजद के मोहन गुप्ता और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की इंदिरा यादव के खिलाफ सुभाष सिंह की पत्नी कुसुम देवी को मैदान में उतारा है। इंदिरा यादव राजद के संस्थापक लालू प्रसाद के साले साधु यादव की पत्नी हैं। तेलंगाना में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के खिलाफ भाजपा के अभियान की मुनुगोडे विधानसभा उपचुनाव में परीक्षा होगी। इस सीट पर कांग्रेस विधायक के. राजगोपाल रेड्डी के इस्तीफे के कारण उपचुनाव कराना पड़ रहा है। राजगोपाल रेड्डी भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं और उनके सामने तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) उम्मीदवार के. प्रभाकर रेड्डी और कांग्रेस प्रत्याशी पी एस रेड्डी की चुनौती है। भाजपा कर्नाटक के बाद तेलंगाना में अपने पैर जमाने पर नजरें गड़ाए हुए है और राज्य में विधानसभा चुनाव के महज एक साल पहले उपचुनाव हो रहा है। उत्तर प्रदेश में गोला गोकर्णनाथ विधानसभा सीट पर उपचुनाव में सीधा मुकाबला भाजपा और सपा के बीच होना तय है। भाजपा विधायक अरविंद गिरी के निधन के कारण खाली हुई इस सीट पर उपचुनाव सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हो रहा है। भाजपा ने सपा के विनय तिवारी के खिलाफ गिरी के बेटे अमन को प्रत्याशी बनाया है। बसपा और कांग्रेस ने कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा के युवा उम्मीदवार भव्य बिश्नोई आदमपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में "अपने परिवार के पांच दशक पुराने गढ़" को बचाने में जी–जान से जुटे हैं जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने अनुभवी नेता जय प्रकाश पर दांव लगाया है। पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत भजन लाल के छोटे बेटे कुलदीप बिश्नोई के इस सीट से विधायक के तौर पर इस्तीफा देने के बाद यहां उपचुनाव कराना पड़ रहा है।




### योगी सरकार का बड़ा फैसला, सांड़ और नीलगाय के हमले से मौत होने पर मिलेगा चार लाख का मुआवजा

लखनऊ। यूपी में जानवरों के हमले से जान गंवाने वाले लोगों के लिए योगी सरकार ने बड़ी घोषणा की है। योगी सरकार ऐसे लोगों के परिजनों को मुआवजे के तौर पर चार लाख रुपये देगी। योगी सरकार ने सांड़ और नील गाय के हमले से होने वाली घटनाओं को आपदा सूची में शामिल करने का ऐलान किया है। यूपी सरकार के राजस्व विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के जरिए राज्य आपदा की सूची में यह नई प्रविष्टि की गई है। यूपी सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार अभी राज्य आपदा घटना के मामले में मृतक के परिजनों को चार लाख का मुआवजा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि पशु हमले में जान गंवाने की घटना को इस सूची में शामिल किया जाना सरकार फैसला बहुत महत्वपूर्ण है। बतादें कि यूपी विधानसभा चुनाव से पहले विपक्ष ने प्रदेश में कई बार भाजपा सरकार पर जानवरों के हमले से हो रही मौतों को लेकर निशाना साध चुकी है। इसको लेकर विपक्ष कई बार आवारा मवेशियों की समस्याओं का मुद्दा भी उठा चुके हैं।






## बिहार औद्योगिक विस्तारीकरण की ओर अग्रसरःराजीव रंजन

पटना। जदयू के राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि आज पूरे बिहार में उद्योगों को स्थापित करने का बेहतर माहौल मौजूद है। राज्य सरकार का फोकस हमेशा से बिहार का समग्र औद्योगिक विकास करने पर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उद्योगों की स्थापना करने के साथ ही छोटे–छोटे उद्योगों की चिंता भी की है। जदयू सचिव ने कहा कि बिहार सरकार ने हर किसी के लिए कुछ न कुछ किया है। आज इसी का परिणाम है कि पूरे बिहार में उद्योगों के लिए एक बेहतर माहौल बन पाया है। राजीव रंजन ने कहा कि देश की कई बड़ी कंपनियां बिहार में निवेश की इच्छा जाहिर कर चुकी हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 15 अप्रैल 2022 को बेगुसराय जिले के बरौनी प्रखंड के असुरारी हवासपुर में 550 करोड़ रुपये से निर्मित पेप्सी बॉटलिंग प्लांट का उद्घाटन किया था। उन्होंने कहा कि बिहार में एक साल में पेप्सिको समेत 87 औद्योगिक इकाईयां खुली हैं। यहां उत्पादन का ट्रायल रन या उत्पादन शुरू हो चुका है। जदयू सचिव ने बताया कि बिहार में औद्योगिकीकरण की ललक इतनी तेज थी कि कोरोना महामारी के प्रकोप के बावजूद ये पॉलिसी अत्यंत सफल रही। बिहार की इथेनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति–2021 के तहत 30,427 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। वहीं, बिहार स्थित 17 इथेनॉल उत्पादन ईकाईयों ने 36 करोड़ लीटर सालाना इथेनॉल आपूर्ति का करार हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के साथ किया है। प्रसाद ने कहा कि आरा में बने ईथेनॉल उत्पादन प्लांट की उत्पादन की क्षमता चार लाख किलो लीटर प्रतिदिन है, जो इसे देश की सबसे ज्यादा ईथेनॉल उत्पादन क्षमता वाली ईकाईयों के समकक्ष खड़ा करता है। इसके साथ ही मेगा टेक्सटाइल पार्क के लिए प्रारंभिक परियोजना के एक प्रस्ताव को भी वस्त्र मंत्रालय को सौंपा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार ने पश्चिमी चंपारण के बगहा, मधुबनी और भितहां अंचल में 1719 एकड़ भूमि चिह्नित कर ली है।



# विधायक विनय वर्मा ने मंडलायुक्त बस्ती से पत्र के द्वारा बाढ़ राहत सामग्री हेतु मांग किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र कई गांव बाढ़ से प्रभावित हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण के उपरांत ने जिला प्रशासन को समस्त बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायतों में बाढ़ राहत सामग्री किट देने के लिए निर्देश दिया था। बाढ़ की कहर पिछले सात दिनों से जारी है। कही कम हो रहा है तो कहीं ज्यादा पर किसानों, गरीबो को भारी नुकसान के साथ खाने पीने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन द्वारा अभी तक बाढ़ राहत सामग्री किट उपलब्ध नहीं कराया गया है। अपना दल एस के शोहरतगढ़ से विधायक विनय वर्मा ने मंडलायुक्त बस्ती मंडल को पत्र लिख कर बाढ़ राहत सामग्री उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिए जाने के लिए आग्रह किया। विधायक ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि हालही में सिद्धार्थनगर जनपन के भनवापुर ब्लाक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बाढ़ प्रभावित गांवों का हवाई सर्वेक्षण के उपरांत निर्देश दिया



था कि बाढ़ राहत सामग्री संबंधित विधानसभा व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा पूरा वितरण कराया जाय। दिनाँक 13.10.2022 से आज तक मेरे विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ राहत किट वितरण नही हो पाया है। मैं अपने विधानसभा क्षेत्र मे 24 घंटे दौड़ रहा हूँ। पीड़ित जनता को कुछ शासन से अपेक्षा है लेकिन मैं विभागिय ढिलाही के कारण मैं नही दे पा रहा हूँ। मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि घोषणा पत्र की अनुपालन करते हुए जिला अधिकारी के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देशित करें कि वितरित किए जाने वाले सामग्री मेरे संज्ञान में लाते हुए वितरण किया जाय ताकि बाढ़ से पीड़ित समस्त जनता को बाढ़ राहत किट उपलब्ध हो सकें। जिससे जनता में मुख्यमंत्री जी की भ्रस्टाचार मुक्त व ईमानदार छवि बराबर रह सकें।

## रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा –सिद्धार्थनगर द्वारा खाद्य सामग्री वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

जनपद सिद्धार्थनगर में बाढ़ त्रासदी के कहर से सामान्य जन





जीवन अस्त व्यस्त है ।आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा , इस क्रम में सिद्धार्थनगर जनपद के रेड क्रास सोसाइटी के द्वारा बभनी, पकड़ी में खाद्य सामग्री का वितरण किया गया । खाद्य वितरण के समय सभी से आम जन से सहयोग की अपील करते हुए रेड क्रास सोसाइटी के सदस्य सचिव ऋषि प्रताप द्वारा आम जनता को धैर्य रखते हुए समस्या का सामना करने हेतु आग्रह किया गया । रेड क्रास सोसाइटी अध्यक्ष जिलाधिकारी , उपाध्यक्ष मुख्य चिकित्साधिकारी ,अवैतनिक सचिव डॉ बी एन चतुर्वेदी के निर्देशन में हर प्रकार के सहयोग हेतु आश्वस्त करते हुए आम जन से भी अपील की गई कि शासन प्रशासन के माध्यम से पीड़ित परिवार की सहायता करें ।इस अवसर पर सोसाइटी के कोषाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह , आयुष्मान भारत सूचना प्रबंधक प्रत्युष दुबे ,अनूप ,रवि ,रजनीश सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे

## सांसद जगदम्बिका पाल ने बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुॅचकर राहत सामग्री एवं लंच पैकेट दिया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल द्वारा मुख्य





विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार के साथ तहसील इटवा के बाढ़ प्रभावित ग्राम इमिलिया, लमुइया, बसंतपुर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मा0 सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुॅचकर बाढ़ प्रभावित लोगो का हालचाल जाना। सांसद डुमरियागंज एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, एसडीएम विजय कश्यप द्वारा बाढ़ पीड़ितो को लंच पैकेट, लाई, चना, साड़ी एवं पानी का का वितरण किया गया। सांसद ने ग्रामीणो को विश्वास दिलाया कि सरकार एवं प्रशासन पूरी तत्परता के साथ लगा हुआ है। किसी को कोई परेशानी नही होने दी जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि बाढ़ प्रभावित तहसीलो में संबधित उपजिलाधिकारीध्तहसीलदार को निर्देश दिया गया है। बाढ़ प्रभावित लोगो को राहत सामग्री एवं लंच पैकेट दिया जा रहा है किसी को भोजन आदि की समस्या नही होने पायेगी।

# भनवापुर समाज सेवी संस्था ने वितरण की राहत सामग्री

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर। शनिवार को डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के गांव में वितरण किया गया।छोटी मछिया वा बड़ी मछिया सहित सोनखर,डुमरिया गांव में लगभग प्रदेश में तमाम समाजसेवी संस्थाएं हैं उन्हें मेरा संदेश है की बाढ़ की त्रासदी दे झेल है बाढ़ के ऐसे समय में सहयोग करने के लिए सदैव तैयार हैं और तैयार रहेंगे जिन भी लोगों





मछिया,सोनखर, डुमरिया गांव में जन कल्याण समिति व श्री राम जानकी गुरुकुलम के संयुक्त तत्वाधान में लोगों को तहरी वितरण किया गया। शनिवार को मन्नीजोत चौराहे पर सच्चिदानंद मिश्रा व पंडित बृजेश पाठक जी महाराज के नेतृत्व में तहरी बनवाया गया और बाढ़ प्रभावित 250 परिवारों को समाजसेवियों ने नाव से पहुंचकर घर घर तहरी का पैकेट लोगों में वितरण किया, पंडित बृजेश पाठक ने कहा कि हम किसी की जरूरत नहीं पूरा कर सकते परंतु हमारे कुछ सहयोग से लोगों की मुश्किलें कुछ कम हो सकती हैं और सिद्धार्थनगर में वह रहे लोगों के लिए कुछ ना कुछ प्रबंध कर उनकी मुश्किलों को बांटने का काम करें जिससे मानवता बची रहे।वही जन कल्याण समिति के सचिव सच्चिदानंद मिश्र ने कहा कि हम किसी की जरूरत नहीं पूरा कर सकते परंतु हम लोग चंदा करा कर जो भी हो सकता को सहयोग करना हो वें जन कल्याण समिति से संपर्क कर सकते हैं।इस दौरान देवीशरन धुरिया,शिवमंगल मिश्रा, चिनकू मिश्रा, हरिओम मिश्रा, जुबेर मलिक,ओम मिश्रा,बब्लू मिश्रा,दीप चंद उपाध्याय,आकाश यादव,अमान मलिक आदि लोग मौजूद रहे।

## जोगिया बांसी मार्ग पर बाढ़ का पानी आने से मार्ग बंद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक



अमित कुमार आनन्द बाढ़ का पानी आ जाने के बाद जोगिया बांसी इटवा मार्ग का भ्रमण किया गया। जोगिया बांसी मार्ग पर बाढ़ का पानी आ गया है। जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बाढ़ प्रभावित लोगो को भरोसा दिलाया कि प्रशासन पूरी तत्परता के साथ बचाव कार्य में लगा हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों के जानमाल की सुरक्षा के लिए हर स्तर से प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि गांव में फंसे लोगों के लिए जिला प्रशासनध् तहसील प्रशासन पूरी तरह लगा हुआ है जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि बाढ़ प्रभावित गांव में फंसे लोगों के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्कता दृष्टि बनाये हुए है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगो की सहायता के लिए संबधित तहसीलो के उपजिलाधिकारीध्तहसीलदार को निर्देश दिया गया है कि बाढ़ प्रभावित लोगो को राहत सामग्री एवं लंच पैकेट दिया जा रहा है किसी को भोजन आदि की समस्या नही होने पायेगी। बाढ़ से प्रभावित ग्रामवासियों में राहत सामग्री का वितरण किया गया है। बाध्ढ़ पीड़ितो में बाढ़ राहत सामग्री, लाई, चना, पानी एवं लंच पैकेट का वितरण किया जा रहा है।

## गांव में बिजली सप्लाई न होने से ग्रामीणों नाराज

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर,सिद्धार्थनगर। जोगिया ब्लाक के ग्राम पंचायत नदवालिया व रामापुर में बिजली सप्लाई न होने के कारण ग्रामीण नाराज हो गए हैं। बाढ़ के वजह से गांव में सप्लाई बन्द हो गया था। पिछले चार दिनों से विधुत विभाग के कर्मचारियों द्वारा आना कानी कर बिजली चालू नही किया जा रहा है। यह गांव विधुत उपकेंद्र ढेबरुआ के परसा फीडर के अन्तर्गत आता है। कार्य न होने के कारण ग्रामीण पावर हाउस स्टेशन पर पहुच गए। ढेबरुआ पावर हाउस के जेई साहब न मौजूद रहे और न ही फोन उठा रहे हैं। काफी बहस के बाद मौजूद कर्मचारी ने एप्लिकेशन लिया। भोजपुरी गायक गौरीशंकर देहाती ने कहा हम लोगों के गांव में बाढ़ की वजह से विद्धुत विभाग द्वारा बिजली सप्लाई बंद कर दिया गया था। पांच दिन पहले ही पानी कम हो गया था जिसकी सूचना ढेबरुआ पावर हाउस के जेई से बिजली चालू करने का आग्रह पूरे गांव वालों ने किया था। कई दिन बीत जाने के बाद बिजली सप्लाई नही किया गया। हम सब ग्रामवासियों का मांग है कि अविलंब बिजली चालू किया जाए। कई बार कॉल करने के बाद ढेबरुआ जेई से बात हुआ तो उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण बिजली सप्लाई बंद कर दिया गया था लेकिन ग्रामीणों की मांग पर बिजली चालू कर दिया जाएगा। एप्लिकेशन देते समय ग्राम प्रधान रामापुर राजेन्द्र प्रसाद,कृष्ण प्रसाद,अजय पांडेय, समशाद,अकरम मौजूद रहे।




## तहसीलदार ने स्टीमर से लंच पैकेट का वितरण किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थ नगर। विकास खण्ड जोगिया के भीषण बाढ़ में घिरे





परिवारों को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार यादव के निर्देश पर तहसीलदार रामऋषि रमन ने कुँवरापार,पगुवा,गंगवल,हडकौली कोयड़ा,भुतहिया,भलुवा,हथिवडताल आदि गांवों में लंच पैकेट का वितरण किया ।तहसीलदार ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों का मदद करना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है ।इस अवसर पर संसदीय प्रतिनिधि रवि जायसवाल, ग्राम प्रधान गौरी प्रसाद साहनी,क्षेत्रीय लेखपाल रामकरन गुप्ता,कृष्णानन्द, कमलेश, सुबोध ,राहुल त्रिपाठी, रमेश, विकास आदि उपस्थित रहे।

# वृद्धा आश्रम में कम्बल, फल वितरण के साथ 30 लोगों ने किया रक्तदान

बस्ती। उत्थान चौरीटेबल ट्रस्ट एवं सेवा भारती द्वारा रविवार को मधुर भाटिया के द्वितीय पुण्य तिथि पर वृद्धा आश्रम बनकटा के वृद्ध जनों में कम्बल, फल आदि का वितरण करने के साथ ही गांधीनगर स्थित भारत कम्पनी पाली क्लीनिक पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने मधुर भाटिया के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ उन्हें याद किया। मधुर के पिता प्रमुख समाजसेवी नरेन्द्र भाटिया इन क्षणों में भावुक हो गये। ज्ञात रहे कि मधुर की दो वर्ष पूर्व दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने रक्तदान किया। ओपेक चिकित्सक कैली के चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने सहयोग किया। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से रूपाली शर्मा, प्रदीप तिवारी, बंटी शर्मा, राजन ठाकुर, जितेन्द्र यादव, सौरभ दूबे, अनुराग गोस्वामी, विक्की, आशुतोष त्रिपाठी, धनंजय सिंह, अमृत आदि शामिल रहे। शिविर और वृद्धा आश्रम में कम्बल, फल वितरण के दौरान मुख्य रूप से राना दिनेश प्रताप सिंह, गोविन्द शर्मा, दिव्यांशु दूबे, प्रिया भाटिया, लक्ष्मी अरोरा, रघुनन्दन भाटिया, रेखा मल्होत्रा, रघुवीर भाटिया, अमित तनेजा, श्रवण पाल सिंह, अम्बुज त्रिपाठी, आदि ने योगदान दिया।

## 12 वर्ष से गुमसुदा ससुर को तलाश रही है पीड़िता

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत नियाव निवासी अनीता अपने पति के मरने के बाद 100 वर्षीय ससुर के आने का इंतजार कर रही है। बताते चले कि पीड़िता अनिता के पति की मृत्यु हाल ही में संदिग्ध परिस्थितियों में हो चुकी है। 100 वर्षीय ससुर के गायब होने और पति के मरने के बाद ससुर की सम्पति का बरसात नही हो पा रहा है, जिसके लिए वह तहसील की परिक्रमा करती नजर आ रही है। पीड़िता ने पुनः 04 अक्टूबर 22 को थानाध्यक्ष को संबोधित शपथपत्र में लिखा है कि करीब 12 वर्ष पूर्व उसके ससुर बिना किसी को कुछ बताये चले गए थे। तब उसके पति अपने रिस्तेदारी व नातेदारी में बहुत खोजबीन किये किन्तु पता नही चला और पति के मरने के बाद अब कहानी और उलझती जा रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि वह कब तक अपने ससुर के आने का इंतजार करे। बहरहाल वह अब भी अपने ससुर के आने का इन्तजार कर रही है ताकि कोई तो लाठी का सहारा बन सके।



## सम्पादकीय

**यदि ऐसा है तो आप पहले इन अनुसूचित बौद्धों और सिखों को और अब अनुसूचित मुसलमानों और ईसाइयों को क्या सोचकर आरक्षण दे रहे हैं? क्या यह ढोंग नहीं है? भाजपा से भी ज्यादा डरपोक निकली आप पार्टी! उसने अपने मंत्री को इस्तीफा क्यों देने दिया? वह डटी क्यों नहीं? उसने वैचारिक स्वतंत्रता के लिए युद्ध क्यों नहीं ...**

# भाजपा और आप: दोनों डरपोक

वेद प्रताप वैदिक

दिल्ली प्रदेश की सरकार के एक मंत्री राजेंद्रपाल गौतम को इसलिए इस्तीफा देना पड़ गया कि उसने आंबेडकर भवन की एक धर्म–परिवर्तन सभा में भाग लिया था। उस सभा में कई हिंदू अनुसूचित लोगों ने बौद्ध धर्म स्वीकार किया था और आंबेडकर ने 1956 में बौद्ध धर्म स्वीकार करते हुए जो प्रतिज्ञा अपने अनुयायियों से करवाई थी, उसे भी वहां दोहराया गया था। उस प्रतीज्ञा में 22 सूत्र थे, जिनमें से पहले पांच सूत्र ऐसे थे, जिनमें ब्रह्म, विष्णु, महेश, राम, कृष्ण, गणेश आदि को भगवान मानने और उनकी पूजा के विरुद्ध संकल्प लिया गया था। भाजपा के कुछ नेताओं ने इसी बात को भडकाऊ मुद्दा बना दिया और केजरीवाल की 'आप पार्टी' पर हमला बोल दिया। हिंदू वोट कट न जाएं, इस डर के मारे केजरीवाल सरकार के अनुसूचित जाति के उक्त मंत्री ने इस्तीफा दे दिया। इससे ज्यादा शर्म की बात क्या हो सकती है? यह शर्म की बात भाजपा और 'आप', दोनों के लिए है। भाजपा के लिए इसलिए है कि आजकल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंबेडकर की जितनी माला फेर रहे हैं, उतनी कोई 'आप' नेता नहीं फेर रहा। यदि उस प्रतिज्ञा से आपको इतनी घृणा है तो देश में भाजपा के लोग देश में आंबेडकर–विरोधी अभियान क्यों नहीं चलाते? आंबेडकर की मूर्तियों पर वे माला क्यों चढ़ाते हैं? आंबेडकर की किताबों पर वे प्रतिबंध क्यों नहीं लगाते? आंबेडकर ही नहीं, देश के अन्य महापुरुषों जैसे महावीर, बुद्ध, महर्षि दयानंद सरस्वती आदि की भी आप भर्त्सना क्यों नहीं करते? वे भी राम, कृष्ण, ब्रह्मा, विष्णु, महेश वगैरह को भगवान नहीं मानते थे। बुद्ध और महावीर तो सृष्टिकर्त्ता ईश्वर की सत्ता से ही इंकार करते हैं। वे निमित्त कारण का निषेध करते हैं। हमारा चार्वाक संप्रदाय तो इनसे भी आगे जाता है। क्या ये सब हिंदू–द्रोही हैं? क्या ये सब देश के दुश्मन हैं? यदि ऐसा है तो आप पहले इन अनुसूचित बौद्धों और सिखों को और अब अनुसूचित मुसलमानों और ईसाइयों को क्या सोचकर आरक्षण दे रहे हैं? क्या यह ढोंग नहीं है? भाजपा से भी ज्यादा डरपोक निकली आप पार्टी! उसने अपने मंत्री को इस्तीफा क्यों देने दिया? वह डटी क्यों नहीं? उसने वैचारिक स्वतंत्रता के लिए युद्ध क्यों नहीं छेड़ा? क्योंकि भाजपा, कांग्रेस और सभी पार्टियों की तरह वह भी वोट की गुलाम है। हमारी पार्टियों को अगर सत्य और वोट में से किसी एक को चुनना हो तो उनकी प्राथमिकता वोट ही रहेगा।

# शाह की उम्र, बिहार में मुद्दा क्यों?

यह कमाल की बात है कि बिहार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उम्र और उनके राजनीतिक अनुभव का मुद्दा बन रहा है। वे एक राज्य सरकार में मंत्री रहे हैं, भाजपा जैसी बड़ी पार्टी के महासचिव और राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं और देश के गृह मंत्री हैं, उन्होंने भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाई है। इसके बावजूद बिहार के नेता बार बार उनके उम्र और अनुभव का हवाला देकर उनको कमतर दिखाने का प्रयास कर रहे हैं। हो सकता है कि बिहार के मामले में उनका अनुभव कम हो या लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनको उम्र के आधार पर खारिज कर दिया जाए।



अमित शाह 11 अक्टूबर को जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उनके पैतृक गांव सिताब दियारा पहुंचे और नीतीश व लालू प्रसाद पर जेपी के सिद्धांतों से हट कर कांग्रेस की गोद में बैठने का बयान दिया तो नीतीश ने तंज करते हुए कहा कि जेपी पर बोलने के लिए अमित शाह की उम्र अभी कम है। उन्होंने कहा कि अमित शाह 2002 से पहले कहां था। नीतीश ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने तब शाह को प्रमुखता मिली और लोगों ने उनको जाना। उनका करियर सिर्फ 20 साल का है। सोचें, इसका क्या मतलब है? उनको 2002 में प्रमुखता मिली तो क्या वे जेपी पर नहीं बोल सकते हैं?

नीतीश कुमार जो सारे समय गांधी के बारे में बोलते हैं और उनके रास्ते पर चलने की बात करते हैं तो क्या इसके लिए उनकी उम्र कम नहीं है? जेपी के निधन के समय अगर अमित शाह बच्चे थे तो महात्मा गांधी के निधन के समय तो नीतीश का जन्म भी नहीं हुआ था। अगर यह तर्क लागू किया जाए तो गांधी से लेकर बुद्ध तक के बारे में कोई भी कैसे बात करेगा? हैरानी की बात है कि जो नीतीश ने कहा उससे पहले वहीं बात उनकी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने भी कही। उन्होंने भी कहा कि शाह जब दस साल के रहे होंगे, तब से हम राजनीति करते हैं। यह भी बेमतलब का बयान है क्योंकि किसी भी नेता का उसकी उम्र से नहीं, बल्कि उसके कामकाज और उपलब्धियों के आधार आकलन होना चाहिए।

# शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम हिंदी में चिकित्सा पाठ्यक्रम

**इसे अनुवाद और व्याख्या में गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम बनाकर संभव किया जाएगा। मध्यप्रदेश में इसी उद्देश्य को लेकर चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग करते हुये प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम के अंतर्गत एनाटश्वमी, बायोकेमिस्ट्री व फिजियोलश्वजी विषय की हिंदी में पुस्तकें प्रकाशित की हैं जिनका विमोचन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी करने वाले हैं। यह एक ऐतिहासिक कदम है जो प्रधानमंत्री जी के ...**

हितानंद शर्मा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने एक ट्वीट में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के संबंध में लिखा था राष्ट्रीय शिक्षा नीति से प्रेरणा लेते हुये अब सभी तकनीकी शिक्षा के विषयों को मातृभाषा में पढ़ाने की कोशिश की जायेगी, इंजीनियरिंग व चिकित्सा सहित और अब मध्यप्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार व ऐतिहासिक पहल कर एमबीबीएस हिंदी माध्यम में आरंभ करने वाला देश का पहला राज्य होने जा रहा है। स्वाभाविक है इस शैक्षणिक अनुष्ठान में शासन की मंशा, योग्य शिक्षाविदों का परिश्रम व प्रधानमंत्री जी का स्वप्न साकार होने जा रहा है तो इस अभूतपूर्व पहल पर देश ही नहीं वैश्विक परिदृश्य में स्वागत के साथ–साथ गंभीर चिंतन अवश्य होगा। भारतीय शिक्षा पद्धति के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्रणाली में मातृभाषा व भारतीय भाषाओं को वह महत्व नहीं मिला या दिया गया जिसकी वह वास्तविक पात्र हैं। सामान्यतरू सीखने व सिखाने की यह प्रक्रिया एक विदेशी भाषा के ही अधीन रही है। किंतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन ई पी) 2020 के आगमन ने एक बड़े बदलाव का शुभारंभ किया है। वर्तमान समय जो कि स्वतंत्रता का अमृतकाल है और राष्ट्र अपने सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक व आध्यात्मिक पुनर्जागरण के मानकों को स्थापित होते देख रहा है, ऐसे में यह आवश्यक हो गया है कि हम उच्च शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग पर ध्यान दें। मातृभाषा में शिक्षा की बात लार्ड मैकाले के समय से ही होती रही है। स्वतंत्र भारत में भी यह मांग समय–समय पर होती रही जैसे 1948–49 में राधाकृष्णन समिति की रिपोर्ट, जिसे हम विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग के नाम से जानते हैं, उस रिपोर्ट में भी अनुशंसा की गई थी कि शिक्षा के माध्यम के रूप में जितनी जल्दी हो सके अंग्रेजी को भारतीय भाषा से बदल दिया जाए। इसके बाद राजभाषा आयोग, भावनात्मक एकीकरण समिति, एनईपी 1968, एनईपी (1986-1992) और अब एनईपी 2020 में पुरजोर तरीके से मातृभाषा व क्षेत्रीय भाषाओं में ही शिक्षा को प्राथमिकता व प्रधानता देने की बात कही गई है।



वर्तमान शिक्षा नीति अनुशंसा करती है कि उच्च शिक्षा संस्थानों को शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा अथवा स्थानीय भाषा का उपयोग करना चाहिए अथवा द्विभाषी पाठ्यक्रम चलाने चाहिए। जिससे यह अधिकतम छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान करने में सहायक होगा, और उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि करेगा। इससे सभी भारतीय भाषाओं की सामर्थ्य, उपयोगिता व जीवंतता बनी रहेगी। जब यह बात राष्ट्रीय स्तर से आरंभ होगी तो निश्चित रूप से निजी संस्थान भी भारतीय भाषाओं को शिक्षा के माध्यम के रूप में उपयोग करने अथवा द्विभाषी पाठ्यक्रमों को लागू करने के लिये प्रेरित होंगे। यह अभिनव प्रयोग सुनिश्चित करेगा कि शासकीय व निजी संस्थानों में कोई अंतर नहीं है। शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम, चार वर्षीय बैचलर ऑफ एजुकेशन दोहरी डिग्री भी द्विभाषी होगी। इससे सभी विषयों के शिक्षकों के संवर्गों के प्रशिक्षण में आसानी होगी। विज्ञान और गणित के शिक्षक भी शिक्षण के लिए द्विभाषी दृष्टिकोण अपनाएंगे। अनुशंसाओं को अनुपालन में लाने के लिए पाठ्यपुस्तकों, कार्यपुस्तिकाओं, वीडियो, नाटकों, कविताओं, उपन्यासों और पत्रिकाओं सहित भारतीय भाषाओं में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण और प्रिंट सामग्री विकसित की जाए। इसे अनुवाद और व्याख्या में गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम बनाकर संभव किया जाएगा। मध्यप्रदेश में इसी उद्देश्य को लेकर चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव प्रयोग करते हुये प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम के अंतर्गत एनाटॉमी, बायोकेमिस्ट्री व फिजियोलॉजी विषय की हिंदी में पुस्तकें प्रकाशित की हैं जिनका विमोचन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी करने वाले हैं। यह एक ऐतिहासिक कदम है जो प्रधानमंत्री जी के संकल्प कि शिक्षा का माध्यम मातृभाषा होना चाहिये को साकार करते हुए इस अवधारणा को दूर करेगी कि उच्च शिक्षा केवल अंग्रेजी में ही संभव है। आइये, हम सभी चिकित्सा शिक्षा के इस अभूतपूर्व व ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनें और गर्व का अनुभव करें कि हमारा प्रदेश देश का प्रथम राज्य है जहां इंजीनियरिंग के साथ ही अब मेडिकल शिक्षा का आरंभ भी मातृभाषा में हो रहा है। **(लेखक – भाजपा मध्यप्रदेश के प्रदेश संगठन महामंत्री है)**

# आरएसएस की पहल कितनी सार्थक?

**संघ में कहां हैं पिछड़ी जाति के लोग या दलित समाज के लोग या महिलाएं? जब उनकी भागीदारी बढ़ाने की बात है तो शुरुआत क्यों नहीं संघ से की जाती है? यह सही है कि संघ और उससे जुड़े संगठनों की जमीनी गतिविधियों से कई पिछड़ी और हाशिए पर की जातियों को नई सामाजिक व राजनीतिक पहचान मिली। भाजपा को इसका फायदा भी मिला। लेकिन जमीनी राजनीति से इतर जाति और वर्ण ...**

अजीत द्विवेदी

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ कुछ ऐतिहासिक गलतियों को सुधार रहा है, अपने बारे में बनी ऐतिहासिक धारणाओं को बदलने का प्रयास कर रहा है या कोई ऐतिहासिक भूल कर रहा है? पिछले कुछ दिनों में सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में कुछ ऐसा घटित हुआ है, जिससे ये सवाल उठे हैं। सबसे पहले आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत देश के पांच मुस्लिम बुद्धिजीवियों से मिले, जिसमें आपसी गिले–शिकवे हुए और उन्हें दूर करने के प्रयास की सहमति बनी। इसके बाद संघ प्रमुख अपने कई पदाधिकारियों के साथ देश भर के इमामों के संगठन के प्रमुख मौलाना उमर इलियासी से मिलने एक मस्जिद में गए। उसके बाद विजयादशमी की सालाना रैली में पर्वतारोही संतोष यादव को मुख्य अतिथि के तौर पर बुलाया गया। फिर संघ प्रमुख ने जाति और वर्ण को समाप्त करने का बयान दिया और जब दिल्ली में हजारों हिंदुओं के बौद्ध धर्म स्वीकार करने का विवाद हुआ तो उसके तुरंत बाद महर्षि वाल्मिकी जयंती के मौके पर मोहन भागवत ने कहा कि उनका संगठन यानी आरएसएस हर उस व्यक्ति का पूरा समर्थन करेगा, जो महर्षि वाल्मिकी की पूजा करता है क्योंकि उनके बगैर दुनिया भगवान राम को नहीं जान पाती। ये सारी घटनाएं पिछले एक–डेढ़ महीने में हुई हैं और इनमें एक तारतम्य दिखाई दे रहा है। यह संभव नहीं है कि ऐसा घटनाक्रम बिना किसी योजना के हुआ हो। संघ प्रमुख का मुसलमानों के प्रति सद्भाव दिखाना। पिछड़ी जाति की एक महिला को संघ के सालाना जलसे में बुलाना। जाति व वर्ण का भेद खत्म करना और दलित समाज के लोगों को समर्थन का मैसेज देना अनायास नहीं है। यह सब सोची समझी योजना के तहत हुआ है। संघ के विचारक माने जाने वाले राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने अंग्रेजी के अखबार 'इंडियन एक्सप्रेस' में लेख लिख कर मुसलमानों के प्रति सद्भाव दिखाने के संघ प्रमुख की पहल के बौद्धिक व सांस्कृतिक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने लिखा कि आरएसएस का लक्ष्य भारत के सभ्यतागत गौरव को पुनर्स्थापित करना है। राकेश सिन्हा ने लिखा– भागवत ने दो लक्ष्य हासिल करने के लिए संवाद की जरूरत को रेखांकित किया। प्राथमिक लक्ष्य साजिश के सिद्धांत पर आधारित इस अवधारणा को बदलने का है कि आरएसएस अल्पसंख्यकों के लिए खतरा है। इसके लिए सम्भ्रांत लोगों के साथ संवाद जरूरी है। इसके पीछे दूसरा लक्ष्य यह आता है कि आम लोगों के बीच राष्ट्रवाद और हिंदू सभ्यता के बारे में सांस्कृतिक विमर्श हो।

अब सवाल है कि धर्म को लेकर, वर्ण को लेकर और जाति को लेकर के संघ प्रमुख ने जो विमर्श छेड़ा है और इस विमर्श का जो लक्ष्य बताया जा रहा है उसे हासिल करने में कितनी कामयाबी मिलेगी? ध्यान रहे इससे पहले भी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत इस तरह के छिटपुट प्रयास कर चुके हैं और उस प्रयास से हासिल कुछ नहीं हुआ, उलटे विमर्श ऐसी दिशा में बढ़ गया, जिसका बड़ा नुकसान भारतीय जनता पार्टी को उठाना पड़ा। मोहन भागवत ने 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आरक्षण की समीक्षा का बयान दिया था। उस समय मंडल की राजनीति के दो नेता नीतीश कुमार और लालू प्रसाद एक साथ मिल कर चुनाव लड़ रहे थे। दोनों नेताओं ने आरक्षण की समीक्षा के उनके बयान को आरक्षण समाप्त करने के प्रयास के तौर पर प्रचारित किया। इससे बिहार में अगड़ा बनाम पिछड़ा का चुनावी माहौल बनाने में कामयाबी मिली। हो सकता है कि इसके बगैर भी भाजपा चुनाव नहीं जीत पाती लेकिन आरक्षण से जुड़े बयान ने उसकी हार का रास्ता आसान कर दिया।

कहते हैं कि दूध का जला छांछ भी फूंक कर पीता है। संघ प्रमुख को निश्चित रूप से यह कहावत पता होगी फिर भी सात साल बाद उन्होंने धर्म के साथ साथ जाति का विमर्श शुरू किया है। इस पर शुरुआती प्रतिक्रिया बहुत सकारात्मक नहीं है। संघ, भाजपा के काडर में ही इसे अच्छा नहीं माना जा रहा है। तभी एक तरफ संघ प्रमुख मुसलमानों के प्रति सद्भाव दिखा कर ऐतिहासिक धारणा को बदलने का प्रयास कर रहे हैं तो दूसरी ओर भाजपा के सांसद खुलेआम मुसलमानों के संपूर्ण बहिष्कार की अपील कर रहे हैं। एक तरफ संघ प्रमुख कह रहे हैं कि हिंदुओं को हर मस्जिद में शिवलिंग नहीं तलाशना चाहिए और दूसरी ओर उसी अनुपात में मस्जिदों में शिवलिंग की तलाश तेज हो रही है, अदालतों में याचिकाएं डाली जा रही हैं। खुद संघ प्रमुख अल्पसंख्यकों की ओर इशारा करके आबादी के असंतुलन का सवाल उठा रहे हैं और जनसंख्या नियंत्रण की बात कर रहे हैं। तभी सवाल है कि ऐसे में भरोसा कैसे बढ़ेगा? यह सही है कि संघ प्रमुख की हैसियत वेटिकन के पोप की तरह नहीं है कि उनकी कही बात हिंदू समाज के लिए पत्थर की लकीर है। लेकिन कम से कम उन लोगों के लिए तो उनकी बात पत्थर की लकीर होनी चाहिए, जो संघ की राजनीतिक शाखा भारतीय जनता पार्टी या अन्य हिंदू संगठनों से जुड़े हैं? अगर वे भी संघ प्रमुख की बातों के उलट आचरण करते हैं तो फिर अल्पसंख्यक समाज का भरोसा कैसे बढ़ेगा? एक तरफ अल्पसंख्यक समाज का भरोसा नहीं बन रहा है तो दूसरी ओर 80 और 20 की राजनीति के समय में अल्पसंख्यकों की बात व्यापक हिंदू समाज के गले नहीं उतर रही है।

वर्ण, जाति और लिंगभेद को लेकर दिए गए संघ प्रमुख के बयानों या उनकी ओर से की गई पहलों का भी वहीं हाल है, जो धार्मिक विमर्श का है। उन्होंने कहा कि वर्ण और जाति पुरानी अवधारणा हो गए हैं और इनको बदला जाना चाहिए। इससे ठीक पहले विजयादशमी के भाषण में उन्होंने बेरोजगारी के मसले पर एक तरह से केंद्र सरकार का बचाव करते हुए कहा कि कोई भी सरकार या निजी सेक्टर 10, 20 या 30 फीसदी से ज्यादा लोगों को नौकरी नहीं दे सकता है। बाकी लोगों को खुद ही काम करना होता है। उनके इस बयान को वर्ण और जाति वाले बयान से मिला कर देखें तो ऐसा लग रहा है कि फिर से आरक्षण की एफर्मेटिव व्यवस्था की समीक्षा या उसे बदलने की बात हो रही है। भारत में आरक्षण का आधार जाति है और अगर जाति व्यवस्था खत्म होती है तो आरक्षण अपने आप खत्म होगा। हालांकि भारत में न तो जाति खत्म होने वाली है और न जाति आधारित आरक्षण की व्यवस्था खत्म होगी। तभी कह सकते हैं कि संघ प्रमुख का बयान दोधारी तलवार की तरह है, जिसका फिर भाजपा को नुकसान हो सकता है।

अगर भाजपा के सामाजिक आधार को बारीकी से देखें तो साफ दिखता है कि सवर्ण समाज के अलावा दलित और आदिवासी मुख्य रूप से उसके समर्थक हैं, जिसमें पिछले कुछ समय से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर पिछड़ी जातियों को जोडने का प्रयास हो रहा है। अगर जाति व्यवस्था खत्म करने की बात पर आरक्षण की बहस आगे बढ़ती है तो भाजपा के प्रयासों को झटका लग सकता है। इसी तरह दलित विमर्श भी राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील मसला है। इसमें भी पहली बात भरोसे की हैं।



# एम्स के सेवानिवृत्त वरिष्ठ सर्जन डाक्टर भारत भूषण सिंह का किया गया अभिनन्दन

बिसवां नगर (सीतापुर )। एम्स के सेवानिवृत्त वरिष्ठ सर्जन डाक्टर भारत भूषण सिंह सिसोदिया का श्री हनुमत रामेश्वर दयाल इंटर कालेज में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बंधुओं द्वारा नागरिक अभिनन्दन किया गया। उन्होंने 1975 में इसी विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। इस अवसर पर पंडित कन्हैया लाल गीता विद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार मिश्र, प्रमुख समाजसेवी गौरव मिश्र, गोलू, हनुमत रामेश्वर दयाल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य जयचंद, प्रवक्ता देवेंद्र पाण्डेय, वीरेश मिश्र, वरिष्ठ साहित्यकार पद्मकांत प्रभात, रामचंद्र वर्मा, आशीष मिश्र, अश्वनी कुमार त्रिपाठी, आशुतोष तिवारी, अतुल त्रिवेदी, सुरेश मौर्य, राजीव मिश्र आदि ने डाक्टर बीबी सिंह सिसोदिया का माल्यार्पण कर सम्मान का भाव प्रेषित किया तथा उत्तरीय एवं धर्मग्रंथ भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पद्मकांत प्रभात ने की। कार्यक्रम को प्रमुख रूप से प्रिंसिपल जयचंद्र, एचआरडी इण्टर कालेज बिसवां के प्रधानाचार्य जयचंद्र, प्रवक्ता देवेन्द्र पाण्डेय, प्रबंधक पवन मिश्र, आशीष मिश्र, प्रबंधक सुरेश मौर्य, राजीव कुमार मिश्र आदि ने संबोधित किया। मुख्य वक्ता पद्मकांत प्रभात ने डाक्टर बीबी सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन समाज की सेवा में व्यतीत हुआ। आज भी वे चिकित्सा के क्षेत्र में की सेवा में लगे हुए हैं। समाज निःस्वार्थ किसी को सम्मान नहीं देता है। किन्तु बीबी सिंह का यह नागरिक अभिनन्दन निःस्वार्थ भाव से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भावी पीढ़ी को प्रेरणा देने के साथ ही समाज की कृतज्ञता को प्रदर्शित करता है। कार्यक्रम का संचालन आशीष मिश्र द्वारा किया गया। डाक्टर बीबी सिंह ने कैंसर, हृदय रोग, किडनी रोग, प्रोस्टेट कैंसर आदि विभिन्न प्रकार के रोगों के लक्षण एवं उपचार तथा निदान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जीवन के अनुभव साझा किए। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# रेलवे महाप्रबंधक को सरैंया क्षेत्रवासियों ने सौंपा तीन सूत्रीय मांग पत्र

पहला (सीतापुर )। बिसवां तथा सरैंया राजा साहब रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने आए रेलवे महा प्रबंधक को सरैंया क्षेत्रवासियों ने उपरिगामी पुल रक्सौल के ठहराव तथा पसेंजर ट्रेनों को पुनः नियमित समय पर चलवाने हेतु तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 1 बजे रेलवे महा प्रबंधक अशोक कुमार मिश्र के आने की भनक जैसे ही सरैंया राजा साहब क्षेत्रवासियों को हुई तुरंत ही कांग्रेसी नेता राहुल रस्तोगी की अगुवाई में सैकड़ों लोगों ने एकत्र होकर सरैया स्टेशन के पश्चिमी गेट संख्या 45सी पर उपरिगामी पुल, सत्याग्रह ट्रेन संख्या 15273 व 74 के सरैया में ठहराव तथा पैसेंजर ट्रेन के पुनः नियमितीकरण को लेकर एक मांग पत्र लेकर सरैंया सटेशन पर पहुंच गये। मगर रेलवे पुलिस कर्मियों द्वारा सुरक्षा का कारण बताते हुए उन्हें अंदर जाने से रोक दिया गया। लेकिन रेलवे प्रबंधक की गाड़ी जैसे ही स्टेशन से कुछ दूर जाकर रुकी देख जनता फिर दौड़ पड़ी और उन्हे तीन सूत्रीय मांग पत्र सौंप दिया। मांग पत्र में यह भी कहा गया है कि रेलवे फाटक के उत्तर ही पूरा कस्बा पुलिस चौकी, ब्लॉक मुख्यालय, बैंक, एटीएम, पॉवर हाउस, अस्पताल, स्कूल तथा गन्ना क्रय केंद्र है। जबकि रेलवे लाइन के सीतापुर बुढ़वल दोहरीकरण होने के कारण ज्यादातर समय फाटक संख्या 45सी बंद रहता है। अंडरपासों में हल्की बरसात में पानी भर जाता है। जिससे करीब 150 से अधिक गावों की आबादी स्कूली बच्चों अस्पताल के गंभीर मरीजों तथा प्रसूताओं को इसके बंद होने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे इस गेट संख्या 45सी पर उपरिगामी पुल आदि की सतत आवश्यकता है। हालांकि रेलवे कर्मचारियों द्वारा स्टेशन से लेकर अंडर पास सब चाक चौबंद कर दिये गये थे। ज्ञापन देने वालों में राहुल रस्तोगी, जितेंद्र वर्मा, जितेंद्र यादव, अवधेश शुक्ल, गुड्डू चौरसिया, सहवान, मनोज कुमार, संदीप कुमार, राजेश कुमार, सतेंद्र कुमार, अनिल कुमार, अंकित यादव, अभिषेक कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सूअरों की लगातार मौत से क्षेत्र में दहशत का माहौल

## क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के बढ़ने का बना हुआ है खतरा

सिधौली (सीतापुर )। विकासखंड कसमंडा की ग्राम पंचायत छाजन में बीते एक माह में 300 से अधिक सुअरों की लगातार मौत से पूरे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है। वही संक्रमक रोगों की दहशत ग्रामीणों के चेहरों पर साफ देखी जा सकती है। सुअर पालकों को जहाँ लाखों का नुकसान का सामना करना पड़ा वही बचे हुए सुअरों की जान बचाने को सुअर पालक बहुत ही परेशान है। जानकारी के अनुसार विकासखंड कसमंडा की ग्राम पंचायत छाजन में सूअरों की लगातार मौत से गांव ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लगभग 400 सुअर गांव के विभिन्न लोगों द्वारा पाले थे जिनमें से 90 परसेंट से अधिक सूअर पिछले 1 महीने के अंदर किसी अनजान बीमारी के चलते मौत के मुंह में समा गये। स्थानीय सुवर पालक शंभू ने बताया कि गांव में लगभग 400 सूअर पले थे से 20–30 सूअर ही शेष बचे हैं। इसी तरह है गांव के प्रमोद पुत्र चुन्नीलाल ने बताया कि उनके पास 20 सुअर पले थे जो सभी बीमारी के चलते मौत के मुंह में समा गए। इसी तरह है गांव के सुरेश पुत्र सत्रोहन के 35, संपत्ति पुत्र सियाराम के 42 राजा राम पुत्र पुत्ती 20, रामनारायण पुत्र पुत्ती के 17, रामगुलाम के 30 रामसेवक के 20, सुरेश के 25 अरविंद के 25 रामजीवन के 33 छबि लाल पुत्र चुन्नीलाल, सालिक पुत्र बनवारी के 10 झब्बू लाल के 10 प्रमोद कुमार के 145 लालजी की 16 आदि ने बताया कि अज्ञात बीमारी के चलते सभी पालकों के सुअरों की मौत हो गयी। इसके बाद जब क्षेत्र की पशु चिकित्सा अधिकारी नम्रता शुक्ला से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि 4 महीने पहले संचारी रोग प्रारंभ हुए थे। उस समय हमने हाइपोक्लोराइट का छिड़काव गांव में करवाया था। इसके अलावा उस समय हमारे हिसाब से गांव में सिर्फ 80–90 सुवर ही गांव में पले थे। जिनमें अब कितने शेष बचे हैं हमें जानकारी नहीं है। जल्द ही फिर से हम गांव में भ्रमण कर जानकारी लूंगी। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों द्वारा दी गई जानकारी के बाद जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा शाम को पशु चिकित्सक डॉक्टर उमेश सिंह अंजन गांव पहुंचे और वहां पर जांच पड़ताल की।

# एक रोटी कम खाओ मगर अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओः अनिल वर्मा

परसेण्डी (सीतापुर)। विकासखण्ड परसेंडी के ग्राम परसेंडी में आयोजित पांच दिवसीय बुद्धकथा के समापन के कार्यक्रम में पहुंच कर क्षेत्रीय विधायक अनिल वर्मा ने सहभाग किया। विधायक का जादूगर ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि एक रोटी कम खाओ मगर अपने बच्चों को जरूर अच्छी शिक्षा दिलाओ, क्योंकि बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि शिक्षित बनो संगठित बनो तब संघर्ष करो हमें तथागत गौतम बुद्ध हुआ बाबा साहब के विचारों पर चलना चाहिए। वहीं हमारे उन्नति का मार्ग है। कार्यक्रम का संचालन लखीमपुर जनपद से आई मिशन गायिका पूजा बौद्ध ने किया। उन्होंने भगवान बुद्ध और बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। लोगों को अंधविश्वास और पाखंड से बचने के लिए जागरूक किया। मुख्य रूप से कार्यक्रम के आयोजक महेंद्र चौधरी, इंद्रपाल चौधरी सदस्य जिला पंचायत अनूप सिंह, प्रधान परसेंडी प्रहलाद कुमार कनौजिया एडवोकेट, पंकज कुमार प्रधान गोडरिया, चेतराम कनौजिया प्रधान प्रतिनिधि चांदपुर, श्याम कुमार कनौजिया, उत्तर प्रदेश पुलिस पंकज कनौजिया, बीडीसी समैसा, पंकज कनौजिया पत्रकार, मोहम्मद शानू, विजय गौतम, संजय गौतम, दिनेश गौतम, सूर्यपाल भारती, रामकिशुन कश्यप सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भाकियू के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

सिधौली (सीतापुर )। भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी विभिन्न मांगों को लेकर डीएम को एक ज्ञापन सौंपने संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे। आपको बता दें कि आज संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अनुज सिंह तथा पुलिस अधीक्षक धुले सुशील चंद्रभान सिधौली पहुंचे थे। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के दर्जनों पदाधिकारी एक ज्ञापन सौंपने समाधान दिवस पहुंचे। उन्होंने बताया कि कमलापुर स्थित मैग्ना शुगर मिल में किसानों का क्रीम 14 करोड रुपए गन्ने का भुगतान बकाया है जो तत्काल कराया जाए तथा मेल को शुरू कराया जाए। आवारा पशुओं को गौशाला में बंद कराया जाए। तहसील सिधौली के अंतर्गत सभी समितियों पर डीएपी तथा गेहूं बीज व यूरिया उपलब्ध कराई जाए। बरसात के बाद होने वाले धान गन्ना जैसे फसलों को जो नुकसान हुआ है। जांच करवा कर उसे मुआवजा दिलवाया जाए तथा ब्लाक कसमंडा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दवाइयों की व्यवस्था कराई जाये। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष रामदास यादव, तहसील अध्यक्ष बाल गोविंद समेत दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ताओं पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# मां के साथ नदी पार जा रहे दो बेटे व एक बेटी डूबी, एक बेटे की मौत

## मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने मां–बेटी व एक बेटे को बचाया

रेउसा (सीतापुर )। दोपहर को मां के साथ जा रहे तीन बच्चे पुलिया पार कर नदी के पार अपने धान लगे खेत देखने जा रहे थे। पुलिया में बाढ़ का पानी भरा होने से डूब कर एक बालक की मौत हो गई। दो बच्चे व मां को मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने डूबने से बचाया एक बच्चे को बचाने में असफल रहा। रेउसा थाना के सेमरा नगरौली गाँव कि निवासी सफीकुन पत्नी मोहम्मद हुसैन मंसूरी उर्फ सुगी दोपहर को अपने तीन बच्चों के साथ गांव के उत्तर गोबरिया नदी के पार धान के खेत को देखने जा रही थी। गांव से कुछ दूरी पर है गोबरहिया नदी के समीप बनी है। पुलिया पर बाढ़ का पानी भरा हुआ था। उस पुलिया को अपने बच्चों के साथ हैं पार कर रही थी। जिसमें सभी लोग डूबने लगे मौके पर मौजूद थे। जियालाल केवट चीख–पुकार सुनकर बाढ़ के पानी से सफिकुन बेटा जब्बार 10 नाजिया 8 को बाढ़ के पानी से बाहर निकाल लिया। वही 6 वर्षीय पुत्र हसीब की डूबकर मौत हो गई। मां बेटा बेटी सभी पुलिया में तैरने लगे तीन लोगों को बचाने में सफल रहा। जियालाल केवट हंसी बहुत गहरे पानी में चला गया था। जिसको बचाने में असफल रहा जब तक उसको बाहर निकाला। तब तक उसकी पानी में डूब कर मौत हो चुकी थी। मृतक बच्चे के पिता मोहम्मद हुसैन मंसूरी उर्फ अशोक जी सुगी लाल किसी काम से तंबौर गए हुए थे। घटना की जानकारी मृतक के पिता को दे दी गई है। घटना की जानकारी पाकर तहसील प्रशासन के कर्मचारी लेखपाल अमर सिंह मौके पर पहुंचे। मृतक बच्चे के परिजनों को पोस्टमार्टम कराने के लिए समझा बुझा रहे हैं। परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार नहीं है। पिता के आने पर पोस्टमार्टम भेजे जाने की आगे कार्यवाही की जाएगी। वहीं घटना की जानकारी पाकर रेउसा पुलिस मौके पर पहुंची है। घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

# पीआरबी 112 पुलिस ने मानसिक विक्षिप्त को पकड़कर उसके घर दी सूचना

मिश्रिख (सीतापुर )। डायल पीआरबी 112 पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति घूमते मिला था। जिसे पुलिस ने लाकर थाना कोतवाली के हवाले कर दिया था। थाना कोतवाली में उसने अपना नाम रिजवान बताया था। कोतवाली पुलिस द्वारा काफी प्रयासों के बाद उसके परिजनों से जरिए दूरभाष संपर्क किया गया। जिस पर उसके पिता मोहम्मद नजीर पुत्र जादे तथा भाई मैनुद्दीन निवासी लठावर खास थाना गैसड़ी जिला बलरामपुर कोतवाली में आए तथा उनके द्वारा बताया गया कि उनका पुत्र मानसिक विक्षिप्त है। उसका इलाज किछौछा शरीफ जिला अकबरपुर में चल रहा था। करीब 15 –16 दिन से लापता चल रहा है। काफी तलाश की परंतु कहीं पता नहीं चला। जिसकी सूचना थाना बरसारी व अकबरपुर में दी गई थी। परंतु आज कोतवाली मिश्रित पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि उनका लड़का थाने पर मौजूद है। तब वह अपने लड़के को लेने थाने पर आए। गुमसुद्दा रिजवान के पिता मोहम्मद नजीर और भाई मैनुद्दीन ने थाने पर सुपुर्दगी हेतु तहरीर तथा आधार कार्ड दिया। जिस पर लापता रिजवान को कोतवाली पुलिस ने उनके पिता व भाई के सुपुर्द कर सकुशल उनके साथ रुसखत किया। सभी लोगों ने कोतवाली पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

# डीएम व एसपी अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

सिधौली (सीतापुर )। जिलाधिकारी अनुज सिंह तथा पुलिस अधीक्षक धुले सुशील चंद्रभान की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 102 शिकायतें आईं। जिनमें से केवल 2 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण कराया जा सका। शिकायतों के लिए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर जल्द शिकायतों को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। आपको बता दें कि प्रत्येक दूसरे तथा चौथे समस्त तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसके क्रम में आज सिधौली तहसील के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिला अधिकारी अनुज सिंह तथा पुलिस अधीक्षक सुशील चंद्रभान ने की। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 102 शिकायतें आई जिनमें से केवल 2 शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण कराया जा सका। जिनमें से एक शिकायत राजस्व विभाग तथा एक शिकायत विकास विभाग से संबंधित थे। शेष शिकायतों के लिए संबंधित विभाग से संबंध स्थापित कर जल्द निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक घुले सुसील चंद्रभान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मधु गैरोला, जिला वन अधिकारी, उप जिलाधिकारी न्यायिक राखी वर्मा, सिधौली अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार, पंकज समेत समस्त विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# परीक्षा सेंटर पर पहुंचने के लिए अभ्यर्थियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी

## सेंट्रल स्टेशन व बस अड्डे पर परीक्षार्थियों का रहा जमावड़ा

कानपुर। प्राइमरी एलिजिबिलिटी टेस्ट (पेट) की परीक्षा देने लाखों परीक्षार्थी कानपुर आए हैं। उनके लिए न तो अतिरिक्त बसें चलाई गई न ही स्पेशल ट्रेनों को संचालित किया गया। इसकी वजह से परीक्षार्थियों को परेशान होना पड़ा। सेंट्रल स्टेशन व बस अड्डे पर परीक्षार्थियों का जमावड़ा रहा। ट्रेनों में परीक्षार्थियों का कब्जा रहा। इस दौरान यात्रियों और परीक्षार्थियों के बीच सीट को लेकर हाथापाई की नौबत भी पहुंच गई। परीक्षा सेंटर पर पहुंचने के लिए अभ्यर्थियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। रेलवे स्टेशन से लेकर बस अड्ध्डे अभ्यर्थियों से खचाखच भरे रहे। ट्रेन और बसों से जूझते हुए पहुंचे। इतना ही नहीं लोकल कन्वेंस भी अभ्यर्थियों को नहीं मिला और पैदल सेंटर तक जाना पड़ा। परीक्षा ने व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। पेट परीक्षा के लिए कानपुर में 85 सेंटर बनाए गए हैं। दो–दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन 88 हजार अभ्यर्थी कानपुर परीक्षा देने पहुंचे। दो दिनों में दो–दो पालियों में होने वाली परीक्षा में 176256 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे। अभ्यर्थियों को सेंटर तक पहुंचने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कानपुर सेंट्रल स्टेशन और और झकरकटी बस अड्ध्डे में इतने अभ्यर्थी पहुंच गए कि रात से ही स्टेशनों पर पैर रखने की जगह नहीं बची। अभ्यर्थी अव्यवस्थाओं से जूझते हुए परीक्षा देने पहुंचे। शहर के 85 सेंटरों पर कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया गया। प्रत्येक तीन सेंटर पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट को निगरानी का जिम्मा दिया गया। इसके साथ ही प्रवेश द्वार पर सघन चेकिंग के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। सभी केंद्रों पर पुलिस बल भी तैनात रहा। दो घंटे पहले से शुरू हुआ प्रवेशः परीक्षा केंद्रों के आसपास सौ मीटर के दायरे में और आवश्यकता पड़ने पर उसके बाहर भी धारा 144 लगाने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रों पर दो घंटे पूर्व से अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र देखकर एंट्री दी गई। त्रिस्तरीय सुरक्षा चेकिंग से निकलकर अभ्यर्थी परेशान हुए। परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग व परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन एवं आईटी गैजेट्स ले जाना प्रतिबंधित रहा।

# कच्चा मकान गिरने से गरीब व्यक्तियों का हुआ भारी नुकसान, बाल बाल बचे लोग

पहला (सीतापुर )। ब्लाक पहला के ग्राम पंचायत धूरीपुर के अलग–अलग गांव में कच्ची मिट्टी के बने कच्चे मकान गिरकर के ध्वस्त हो गए हैं। जिससे गरीब परिवार बेघर हो गये। आपको बताते चलें जहां पर ग्राम बेहनापुर में छविनाथ सिंह पुत्र शारदा प्रसाद निवासी ग्राम बेहनापुर के जिनका बरसों पुराना कच्ची मिट्टी का बना मकान लगातार बारिश होने के कारण गिरकर के ध्वस्त हो गया है। जिनको रहने के लिए कोई भी जगह नहीं है। जो त्रिपार व पन्नी के नीचे रहने के लिए मजबूर हैं। इसी प्रकार उसी गांव में दीपेंद्र सिंह पुत्र इंनदू जिनका भी कच्चा मकान ध्वस्त हो गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत घूरीपुर के वीरसाह गांव का पूरा मामला है। जहां पर मंगल प्रसाद का लड़का कच्ची दीवार के नीचे दब करके गंभीर रूप से चोटिल हो गया। जिन्हें परिजनों के द्वारा आनन–फानन में प्रावेट उपचार कराया गया। जिनकी हालत चिंताजनक बाहर बताई जा रही है। इसी प्रकार रामस्वरूप निवासी ग्राम वीरशाह जिनका भी कच्चा मकान गिर गया है। जिनको भी रहने के लिए कोई भी जगह नहीं है। गरीब परिजनों का कहना है जिसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। अब यह देखना है कि इन गरीब व्यक्तियों को सरकार की चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ मिलेगा या फिर इसी प्रकार चलता रहेगा। गरीब पीड़ित असहाय व्यक्तियों का यह कहना है कि उन लोगों को आवास व सहयोग मिलेगा या नहीं।

# शिवपाल सिंह जनकल्याण समिति द्वारा 120 वर्षीय बुजुर्ग समेत 3 बुजुर्गों को दिया सेवा आश्रय

हरदोई। सामाजिक संस्था शिवपाल सिंह जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित मिशन आत्म संतुष्टि में जनपद की सबसे अधिक उम्र यानी 120 वर्ष की रामरानी समेत 3 बुजुर्गों को आश्रय दिया। आत्म संतुष्टि मिशन के कर्ता–धर्ता राजवर्धन सिंह राजू ने बताया कि मूल रूप से परसोला ग्राम की निवासी क्षत्रिय समाज की बुजुर्ग माता जी इनकी दो बेटियां जिनकी भी उम्र करीब 90 वर्ष के आस पास है। उन लोगों ने संस्था के बारे में जानकारी करके आत्म संतुष्टि कार्यालय को सूचना दी कि हमारी माता जी जो कि अत्यधिक बुजुर्ग हो चुकी हैं व हम दोनो लोग भी काफी बुजुर्ग हो चुके हैं इनकी कोई भी देखभाल करने वाला नही है। पूरा भरा परिवार होने के बाबजूद भी किसी के पास इनके लिए फुरसत नही है। क्या आप अपने पास रखकर इनकी देखभाल कर सकते हो, हमने कहा, मेरे लिए सोभाग्य की बात होगी कि हमको इन माता जी की सेवा करने का अवसर मिलेगा। हमारी टीम तुरंत परसोला के लिए निकली व माता जी को सीधे अपने मिशन के कार्यालय मंगलीपुरवा फाटक लेकर आए। माता जी पूरी तरह से लगभग स्वस्थ हैं।आँखो की रोशनी कुछ हल्की हैं दांत नही हैं सुनाई भी कम पड़ता है।हमारा अपना मानना है कि मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा शायद दुनिया में नही है।

# नगर निगम कर्मियों ने दीपावली त्योहार से पहले ही मांगा एडवांस वेतन

## पेमेंट की फाइलों में आपत्ति लगाने पर ऑडिटर का घेराव,दी चेतावनी

कानपुर। .नगर निगम कर्मचारियों ने दीपावली त्योहार से पहले ही वेतन दिए जाने की मांग की है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन को कानपुर नगर निगम कर्मचारी संघ ने ज्ञापन सौंपा। नगर आयुक्त ने चीफ अकाउंटेंट को बुलाकर दीपावली के पहले वेतन भुगतान करने का निर्देश दिए। संघ के अध्यक्ष देवीदीन भाऊ, महामंत्री रमाकांत मिश्रा,संयुक्त मंत्री मुन्ना हजारिया,कोषाध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा ने मांग उठाई कि दीपावली के पहले समस्त कर्मचारियों को वेतन,पेंशन,एरियर,बोनस के भुगतान कर दिया जाए। इसमें आउटसोर्सिंग,संविदा आदि कर्मचारियों को भी त्यौहार के पहले भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। ऑडिटर के आपत्ति लगाने पर घेरावः संघ के महामंत्री ने बताया की कर्मचारियों के वेतन की फाइलों पर ऑडिटर द्वारा लगातार आपत्ति लगाई जा रही है। इससे 3 महीने से शहरी आजीविका के सफाई कर्मचारियों को सैलरी नहीं मिल पा रही है। इस पर संघ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ऑडिटर का घेराव किया। फाइलों पर आपत्ति लगाने की जानकारी भी मांगी गई। संघ के अध्यक्ष ने यह भी बताया कि नगर आयुक्त के कहने के बाद किसी अधिकारी द्वारा त्योहार के पहले भुगतान करने में गतिरोध उत्पन्न किया गया तो सभी नगर निगम कर्मचारी घेराव करेंगे, जिसका पूरा उत्तरदायित्व संबंधित अधिकारी का होगा।

# सड़क निर्माण को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

सिधौली (सीतापुर )। भाजपा नेता ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में जर्जर सड़क को बनवाने की मांग की। आपको बता दें कि भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य ओम प्रकाश मिश्रा ने संपूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी सिधौली को एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत बाड़ी में पंचपीर चौराहे से बाजार होते हुए हुसैनगंज चौराहे तक पहुंचने वाला मुख्य मार्ग अब बिल्कुल जर्जर हो चुका है। पूरी सड़क में जगह–जगह गड्ढे हो गए हैं आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इसी रोड पर मेला आज जाने वाले श्रद्धालु निकलते हैं। स्थानीय लोगों ने कई बार इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सोते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## डीएम और एसपी ने बाढ़ पीड़ितों में वितरित की राहत सामग्री

बरहज। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह और एसपी संकल्प शर्मा ने बरहज में बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री वितरित की। जबकि सांसद कमलेश पासवान और क्षेत्रीय विधायक दीपक मिश्र ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों का हाल जाना। बरहज पहुंचे डीएम ने अधिकारियों के साथ कटइलवा में 40 पैकेट राहत सामग्री वितरित कराते हुए हालात पर नजर बनाए रखने की बात कहा। उन्होंने बाढ़ प्रभावितों को हर संभव मदद मुहैया कराने के निर्देश दिए। वहीं, तहसीलदार अश्वनी कुमार के नेतृत्व में परसियां–विशुनपुर देवार में 100, भदिला प्रथम में दो दिनों में 370 पैकेट राहत सामग्री वितरित की गई। जबकि रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से मंडल कोऑर्डिनेटर अजय प्रताप सिंह और विवेक सिंह, सपा नेता मुरली मनोहर जायसवाल, समाजसेवी श्रीप्रकाश पाल, विजय रावत आदि ने सहयोगियों के साथ पीड़ितों में राहत सामग्री वितरित की। वहीं, सांसद और विधायक से बाढ़ पीड़ितों ने अपने भोजन के साथ पशुओं के निवाले मुहैया कराने की गुहार लगाई। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के साथ बरहज, बकुची, मईल, नरसिंहडांड़, तेलिया कला, अड़िला आदि गांवों का दौरा किया। मौके पर नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र, अंगद तिवारी, अभयानंद तिवारी, रामजोखन निषाद, अमरेंद्र गुप्त, काशीपति शुक्ल, सुनील पासवान, रामजी सिंह, अनुपम मिश्र, अनुज चौधरी आदि मौजूद रहे।

## छात्रावास अधूरा देखकर नोडल अफसर का चढ़ा पारा

रामपुर कारखाना। ग्राम विकास विभाग आयुक्त एवं जिले के नोडल जीएस प्रियदर्शी डायट परिसर का निरीक्षण करने शाम पहुंचे। परिसर में बन रहा कस्तूरबा गांधी छात्रावास अधूरा पाए जाने पर सचिव ने अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी। बिना डीपीआर के निरीक्षण कराने पहुंचे असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। नोडल अधिकारी के तेवर देख अधिकारियों को पसीना छूट गया। जिले के नोडल अधिकारी डायट परिसर में वीरान पड़े एक भवन को देखने पहुंच गए। आयुक्त के वाहन से उतर कर खाली पड़े भवन की ओर बढ़ते देखकर अधिकारी सकते में आ गए। भवन के बारे में प्रभारी प्राचार्य एवं प्रवक्ता अमित सिंह संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। इस पर नोडल ने बीएसए हरिश्चंद्र नाथ और डायट कर्मचारियों को हिदायत दी। उन्होंने देखा कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में डीएलएड प्रशिक्षु के प्रशिक्षण के लिए भवन की स्वीकृति वर्ष 2019–20 में शासन स्तर से हुई है। शासन ने निर्माण के लिए धन भी अवमुक्त कर दिया, लेकिन निर्माण तीन वर्ष बाद भी अधूरा पड़ा हुआ है। इस पर नोडल अधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी और डायट के प्रभारी प्राचार्य से जवाब तलब किया, लेकिन दोनों अधिकारी संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई और जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

## पेट्रोल पंप मालिक से रंगदारी मांगने वाला तार बाबू गिरफ्तार

बनकटा/रामपुर बुजुर्ग। क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग पुलिस चौकी पुलिस ने एक मुकदमे में वांछित तारबाबू यादव को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के पास से एक कट्टा व कारतूस भी बरामद हुआ है। क्षेत्र के विशुनपुरा बासोपट्टी गांव निवासी संजय यादव का भठवा पांडेय चौराहे के पास पेट्रोल पंप है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर तार बाबू व भाई सहित चार नामजद समेत छह लोगों पर हथियार दिखाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी थी। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि एक आरोपी रामपुर बुजुर्ग होते हुए बिहार जाने की फिराक में है। सूचना पर सक्रियता दिखाते हुए पुलिस ने बॉर्डर के समीप से वांछित तारबाबू को एक कार से जाते समय रोककर हिरासत में ले लिया। जब आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक कट्टा व कारतूस बरामद हुआ। एसओ दिलीप सिंह ने बताया कि मुकदमे में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। तार बाबू पर हो चुकी है गैंगस्टर की कार्रवाईः बनकटा। तारबाबू पर अभी तक लगभग पैंतीस मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। इनमें स्थानीय थाने में नौ के करीब मुकदमे दर्ज हैं। कई बार गैंगस्टर की कार्रवाई भी हो चुकी है और वह जेल भी जा चुका है। विगत कुछ माह पहले डीआईजीध्एसपी श्रीपति मिश्रा के कार्यकाल में तारबाबू की करोड़ों की संपत्ति कुर्क भी हुई थी।

## बाइक की आमने–सामने भिड़ंत में छात्र सहित दो की मौत, तीन घायल

पथरदेवा। बघौचघाट थाना क्षेत्र के लोहरौली–विशुनपुरा मार्ग पर शाम को दो बाइक की आमने–सामने की भिड़ंत में एक छात्र और व्यवसायी की मौत हो गई। बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों के सहयोग से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया था। बघौचघाट थाना क्षेत्र के मस्जिदिया गांव निवासी अंकित गुप्ता (17) पुत्र सुग्रीव कक्षा 11वीं का छात्र था। शाम को वह गांव के ही आदित्य (16) पुत्र चंद्रिका और सूरज (16) के साथ एक बाइक पर सवार होकर पथरदेवा जा रहा था। अभी लोहरौली और विशुनपुरा गांव के बीच में पहुंचा था कि सामने से आ रहे बाइक सवार यशवंत शाह (27) पुत्र विशुन और सूर्यदेव (65) निवासी विशुनपुरा से आमने–सामने की भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर में सभी पांचों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। सभी को परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां अंकित और यशवंत को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मरने वाले यशवंत ने मोबाइल फोन की दुकान खोल रखी थी। वह मुकदमे की तारीख से घर जा रहे थे।

## ताइक्वांडो : नौ बालकों व 10 बालिकाओं ने जीता स्वर्ण

महराजगंज। धनेवा स्थित स्टेडियम में खेली आयोजित तीन दिवसीय महायोगी गुरु गोरक्षनाथ राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप के दूसरे दिन सब जूनियर वर्ग के बालकों व कैडेट वर्ग की बालिकाओं का मुकाबला हुआ। जिसमें सब जूनियर वर्ग के नौ बालकों व कैडेट वर्ग की 10 बालिकाओं ने स्वर्ण जीतने में सफलता प्राप्त की। महराजगंज जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अभिषेक विश्वकर्मा ने बताया कि कैडेट बालिका वर्ग में रानी, ज्योति, दशांशी, खुशी सिंह, नगमा परवीन, ममता कुमारी, अंशिका शर्मा, कीर्ति सिंह व मेलविना अग्रवाल ने स्वर्ण जीता। वहीं सुहानी अग्रवाल, अदिती, रोली राज, अर्चना प्रजापति, अनुष्का सिंह, श्रेया तिवारी, अदिति त्रिपाठी, साक्षी प्रताप व भूमि सिंह न रजत पदक तथा गरिमा यादव, निवि गौतम, स्वर्णिमा यादव, तनीषा शर्मा, प्रेरणा तिवारी, स्नेहा, सोनी कश्यप, अपर्णा मिश्रा, ज्योति यादव, साक्षी सिंह व प्राची वर्मा ने कांस्य पदक जीतने में सफलता प्राप्त की। सब जूनियर बालक वर्ग में अभी यादव, मोहम्मद जैद खान, देवेश अग्रहरी, तेजश कुमार, अर्पित ठाकुर, दीपांशु सोनी, अयान, अवनीत कुमार व विनेश विश्वकर्मा ने स्वर्ण पदक तथा सिद्धार्थ, शिखर सिंह, मोहम्मद सैफ, शिवेंद्र चक्रवर्ती, रोहित, अभिषेक गुप्ता, दीपेश वर्मा, रवि यादव ने रजत पदक जीता। दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि महराजगंज जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष शरदेंदु पाण्डेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रधानाचार्या शुभ्रा सिंह, डॉ. एमके शर्मा, रिजवान अहमद फैजी आदि मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन पर उमड़ा परीक्षार्थियों का सैलाब

देवरिया। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) के कारण . शहर में अचानक वाहनों की संख्या बढ़ जाने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। शहर के विभिन्न मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लगने से राहगीर घंटों जाम में फंसे रहे। गंभीर बात हो यह है कि जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक का खास इंतजाम नहीं किया गया था। पुलिसकर्मियों को जाम हटवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। शहर में अचानक परीक्षार्थियों की भीड़ आने के कारण . कई बार शहर में रुक–रुक जाम लगता रहा है। आठ बजे से ही शहर में निजी वाहनों की संख्या काफी अधिक देखने को मिली। दोपहर बारह बजे पहली पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद अचानक सिविल लाइंस रोड पर डिवाइडर कट भटवलिया, एसपी आफिस के सामने, बस स्टेशन, कचहरी चौराहा, जिला पंचायत गेट, डीएम आवास, सुभाष चौक और गोरखपुर रोड स्थित ओवरब्रिज के पास जाम लग गया। यही हाल दूसरी पाली की परीक्षा समाप्त होने के बाद का रहा। कोतवाली रोड, जलकल रोड, रेलवे स्टेशन रोड, साकेत नगर, न्यू कॉलोनी को जाने वाली सड़कों पर रुक–रुक कर जाम लगता रहा। इन जगहों पर तैनात यातायात पुलिसकर्मियों को जाम हटाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

ट्रेनों में जगह नहीं, खूब हुई धक्का–मुक्कीः देवरिया। जिले के परीक्षार्थियों का केंद्र वाराणासी और भदोही बनाया गया है। इसके कारण रात में रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा था। सभी को भटनी–वाराणसी रेल मार्ग पर चलने वाली ट्रेनों के आगमन का इंतजार था। रात में चौरीचौरा एक्सप्रेस ट्रेन आते ही हजारों की संख्या में परीक्षार्थी डिब्बे की तरफ दौड़ पड़े। धक्का–मुक्की करते हुए बैठने की होड़ मची थी। इसके कारण कई की ट्रेन भी छूट गई। सदर रेलवे स्टेशन पर . शाम से भीड़ जुट गई। सभी ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से पहुंचीं, क्योंकि कई जगहों पर चेनपुलिंग की गई थी। सबसे अधिक चौरीचौरा एक्सप्रेस ट्रेन की चेनपुलिंग की गई। गोरखपुर और देवरिया के बीच में 22 बार चेनपुलिंग कर ट्रेन को रोका गया था। सदर स्टेशन का हाल यह था कि हजारों की संख्या भीड़ स्टेशन पर रही। परीक्षा देने जा रहे बलराम तिवारी ने कहा कि परीक्षा में कितने कठिन प्रश्न आएंगे यह तो पता चलेगा लेकिन ट्रेन में जगह पाना उससे भी कठिन परीक्षा रही है। प्रद्युम्भन चौरसिया ने बताया कि ट्रेन में जगह लेने में पसीना छूट गया। यहां तक कि भोजन भी नहीं मिला है। रवि त्रिपाठी ने बताया कि पूरी रात जागने के बाद परीक्षा देनी पड़ेगी। अभिनव सिंह ने कहा कि इतनी दूर परीक्षा केंद्र रखना गलत है। मनोज कुमार ने बताया कि बहन की परीक्षा दिलवाने के लिए जाना था, ट्रेन में जगह न मिलने के कारण अब निराश होकर घर लौट रहा हूं। इसी तरह बैतालपुर निवासी सविता ने बताया कि ट्रेन में इतनी भीड़ है कि अब हिम्मत नहीं कर रही है, जाने के लिए। रघवापुर की अनामिका का अहमदाबाद जाने वाली ट्रेन में आरक्षण था, जिसे रात में दस बजे सदर रेलवे स्टेशन पर आ जाना चाहिए था लेकिन ट्रेन सुबह पहुंची। इसके कारण उसकी परीक्षा छूट गई। होटल में खाना तक नहीं हुआ नसीबः देवरिया। जिले के विभिन्न जनपदों से आए परीक्षार्थियों का रेला रात में आ गया था। रेलवे स्टेशन से लगायत शहर के विभिन्न जगहों पर स्थित होटल में खाना समाप्त हो गया था। होटल और लॉज में कमरे तक नहीं मिले क्योंकि हाउसफुल हो गया था। इसके कारण परीक्षार्थियों को भूखे पेट रहना पड़ा। सुबह चाय और नाश्ता की दुकानों पर काफी संख्या में भीड़ देखने को मिली।

## सड़कों पर उमड़ रहा सैलाब, पीने के पानी के पड़े लाले

बरहज। सरयू नदी में सैलाब उमड़ आया है। चारों ओर बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं। इस वर्ष नदी 1998 के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए पांच सेमी ऊपर बहने लगी है। आलम यह है कि सड़कों पर बाढ़ का पानी उमड़ रहा है। नदी पार परसियां–विशुनपुर देवार के अलावा बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों को शुद्ध पानी पीने के लिए लाले पड़े हुए हैं। लोग नदी के पीछे हटने का इंतजार कर रहे हैं।

सुबह थाना घाट पर बने मीटर गेज पर नदी 1998 में आई बाढ़ के उच्चतम सीमा 68.62 को पार कर 68.67 मीटर पर बहने लगी है। फिलहाल, अधिकारियों के अनुसार पानी स्थिर होना बताया जा रहा है। इसको लेकर लोगों ने कुछ हद तक राहत महसूस की है। बाढ़ जैसी विभीषिका में उमड़ रहे सैलाब के आगे लोग बेबस दिखाई दे रहे हैं।

सरयू नदी का पानी बेलडॉड, कटइलवा, राजपुर–नौकाटोला, परसियां तिवारी, बरहज मुक्तिधाम और मुक्तिपथ के अलावा परसियां–विशुनपुर देवार के 26 टोलों में जाने वाली सड़कों पर बह रहा है। इससे गांवों के लोगों की आवाजाही नाव आदि के जरिए हो रही है। शुद्ध पानी पीने के लिए तरस रहे लोग किसी तरह रुखा–सूखा खाकर बाढ़ का पानी हटने का इंतजार कर रहे हैं। दुकानों पर खाने–पीने के सामान के दाम आसमान छूने लगे हैं।

गर्भवती महिलाओं सहित वृद्ध और अन्य मरीजों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नदी के बहाव के कारण तहसील परिसर स्थित सीओ कार्यालय जलमग्न हो गया है। पानी लगने से परिसर के एक तरफ की चहारदीवारी गिर गई है। जबकि पैना, कोटवां, सतरांव क्षेत्र में भी बाढ़ का पानी फैला हुआ है। घरों और सड़कों पर नदी के पहुंचने से हालात बदतर हो गए हैं। आई बाढ़ के कारण प्रभावित गांवों के लोगों का दिन तो कट जा रहे है। लेकिन रात काटनी मुश्किल हो गई है। लोगों को पानी के साथ–साथ विषैले जीव–जंतुओं का भय सता रहा है।

## रामनाथ देवरिया में 45 बीमार, दवा वितरित की गई

देवरिया। शहर के रामनाथ देवरिया मोहल्ले में उल्टी–दस्त से दो लोगों की मौत और पचास अधिक लोगों के पीड़ित होने से स्वास्थ्य महकमा परेशान है। .दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम मोहल्ले में घर–घर पहुंची। पीड़ितों की जानकारी लेने के साथ ही दवा वितरित की गई। दो दिन में तकरीबन 436 से अधिक घरों का सर्वे किया गया। इसमें 45 लोग बीमार पाए गए। नगर पालिका द्वारा छिड़काव व फॉगिंग कराई गई है। शहर के रामनाथ देवरिया दक्षिणी मोहल्ले के कुछ हिस्से में उल्टी–दस्त के प्रकोप से लोग दहशत में हैं। अब भी बहुत से लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। इसमें अधिकतर की हालत ठीक है। ज्यादातर निजी चिकित्सक से इलाज करा रहे हैं।

वहीं, आठ लोगों का प्राइवेट नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। बारह लोगों का इलाज जिला अस्पताल में कराया गया है। इसकी सूचना मिलते ही .निरोधात्मक कार्रवाई की गई। सीएमओ डॉ. राजेश झा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम मोहल्ले में पहुंच कर जानकारी ली। भी स्वास्थ्य विभाग सतर्क रहा। पीएचसी रामनाथ देवरिया के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विनीत युगराज अस्पताल आने वाले मरीजों का इलाज किए। वहीं, प्रभावित क्षेत्रों में चार टीमें घर–घर दस्तक देकर परिवार में पीड़ित की जानकारी लीं। साथ ही क्लोरीन की गोली, जिंक, ओआरएस घोल वितरित किया गया। पीड़ित मिलने पर दवा दी गई। साथ ही लोगों को जागरूक किया गया। पानी उबाल कर पीने, साफ–सफाई रखने सहित अन्य एहतियात बरतने को कहा गया। अरबन के नोडल अधिकारी डॉ. आरपी यादव, डॉ. राजीव भूषण पांडेय, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विनीत युगराज, सपोर्टिंग स्टाफ ओंकार उपाध्याय, सभासद रीमा देवी के प्रतिनिधि अतुल उर्फ नन्हे पासवान ने प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया। मोहल्ले में रमिता, लक्ष्मी देवी, योगेश, रामदेव, उमंग, पिंटू गुप्ता के परिवार में एक, फल विक्रेता दुर्गेश गुप्ता की पत्नी, मां, छोटू गुप्ता, बिलगिस, अनवर का नाती, बालकृष्ण जायसवाल, शिवानी चौहान रिंकू, कृष्ण पाल, चक्रपाणि मणि, अमित पासवान, अनिता पासवान, माउती देवी, मिथिलेश भारती के अलावा दलित बस्ती में करीब छह लोगों सहित पचास अधिक लोग पीड़ित बताए गए। वहीं, उल्टी–दस्त की चपेट में आने से मृत एक किशोर के चाचा निरंजन मणि भी उल्टी–दस्त से पीड़ित हैं। उनका इलाज निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है।

## चन्द्रांश फाउंडेशन ने किया भोजन की व्यवस्था

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार/गोरखपुर। सरयू



नदी के बढ़ते हूए पानी से नगर पंचायत गोला के आस पास सटे हुए गांव में पूरी तरह पानी के जलमग्न हो जाने के कारण बाढ़ पीड़ितों को भारी कठिनाइयो का सामना करना पड़ रहा है ।आम जन जन जीवन पूर्ण रूप से अस्त व्यस्त हो चुका है ।जिससे लोगो को खाने और रहने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है ।इस समस्या को देखते हुए नगर पंचायत गोला में कार्य कर रही चन्द्राश फाउंडेशन की टीम ने जगह जगह पहुंच कर लोगो का हाल जाना और उनके रहने खाने की व्यवस्था करने की कोशिश किया चन्द्राश फाउंडेशन की टीम ने लोगो के सहयोग से ग्राम बिसरा परनई और कोहना गाँव में पहुंच कर व कैम्प लगा कर 2000 लोगो के बीच पूरी भोजन पानी दवा महिलाओ के लिए सेनेटरी पैड केला और बिस्कुट का पैकेट वितरण किया गया ।वही 33ध्11 उपकेंद्र गोला में पानी भर जाने के कारण विधुत आपूर्ति भी बाधित हों गई थी ।पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा पड़ा हुआ है। संस्था के अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता ने कहा की हम और हमारी संस्था अपनी तरफ से पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए लगी हुई है ।मुख्य रूप से फाउंडेशन के सदस्य उपाध्यक्ष रजत वर्मा सचिव परशुराम(राज)सोनकर कोषाअध्यक्ष मुकेश जायसवाल महामंत्री आकाश अग्रवाल शमीम अहमद रामबाबू जायसवाल मनीष जायसवाल संदीप मोदनवाल नीरज मौर्या किसन वर्मा चंद्रभान छोटू वर्मा बबलू यादव अनिकेत प्रजापति संतोष चौरसिया जीतेन्द्र यादव अभिषेक(पुष्कर यादव) अजय राव आकाश बलराम सहित आदि लोग सहयोग में शामिल रहे।

# मानव सेवा ही ईश्वर सेवा हैः अशोक वर्मा

## बाढ़ पीड़ितों में सभासद दल नेता व भावी चेयरमैन पद प्रत्याशी अपनी टीम के साथ पहुँच कर बितरण किया राहत सामग्री



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोलाबाजार गोरखपुर 16 अक्टूबर। नगर पंचायत गोला में समाहित गाँव बिसरा परनयी नायकान टोला सहित अन्य टोले मजरे निरन्तर बीते कई दिनों से सरयू नदी के भयंकर बाढ़ से घिरे पड़े है ।समाज सेवियो द्वारा निरन्तर बाढ़ पीड़ितों की सेवा चालू है। मानव सेवा ही ईश्वर सेवा है। इसी क्रम में रविवार को नगर पंचायत गोला के सभासद दल नेता व भावी चेयर मैन प्रत्याशी अपने दल बल के साथ नाव से राहत सामग्री लेकर बाढ़ पीड़ितों के बीच पहुच कर लोगो मे बितरण किया ।और आगे भी सहयोग करने का पूरा आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार जयसवाल दीपू जयसवाल गुलाब गुप्ता सभासद प्रतिनिधि रामपुरन गुप्ता विकास कसौधन आशीष सूर्या रविंद्र वर्मा गोलू वर्मा सुमित वर्मा ओम प्रकाश वर्मा फूलचंद निषाद महेंद्र निषाद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जर्नालिस्ट प्रेस क्लब तहसील इकाई का चुनाव हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। महेंद्र नगर वार्ड में स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर तहसील









इकाई के चुनाव शांति पूर्ण संपन्न हुआ।जर्नालिस्ट प्रेस क्लब तहसील इकाई चुनाव गहमागहमी के बीच संपन्न हुआजिसमें अध्यक्ष अतुल जायसवाल बरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ईद्रीशी उपाध्यक्ष अरविन्द मिश्र महामंत्री विनोद पटवा मंत्री दिनेश जायसवाल संगठन मंत्री सुनील शर्मा,आय व्याय निरीक्षक बृजेन्द्र पांडेय कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता, सदस्य संदीप जायसवाल, गोविन्द सहानी, बद्री अग्रहरी, पवन विश्वकर्मा, सागर विश्वकर्मा, मोहम्मद शकील सिद्दीकी, साबिर अख्तर चुने गए चुनाव अधिकारी जगदीश गुप्ता उप चुनाव अधिकारी सुनील अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी के देखरेख में चुनाव संपन्न किया गया चुनाव अधिकारी जगदीश गुप्ता ने सभी पदाधिकारी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान आलोक जोशी विजय चौरसिया दुर्गा मद्धेशिया संदीप जयसवाल जनार्दन वरुण ओमकार मद्धेशिया सुनील कुमार मिश्रा रितेश जयसवाल अजय पासवान आदि लोग उपस्थित रहे ।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 250 मरीजों का किया गया जांच व दावा वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनौली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा जिला अध्यक्ष







संतोष अग्रहरी के नेतृत्व में आज सोनौली नगर पंचायत सुकरौली गांव में वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर व वार्ड नंबर 14 लोहियानगर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगवाकर 250 से अधिक मरीजों का जांच व निरूशुल्क दावा वितरण का कार्यक्रम सोनौली मीडिया प्रभारी संतोष यादव जी की देखरेख में कैंप को सफल बनाया गया। जिसमें युवा जिला संरक्षक पंकज श्रीवास्तव ने फीता काटा युवा जिला अध्यक्ष संतोष अग्रहरी व जिला महामंत्री अनिल श्रीवास्तव युवा जिला उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल नगर अध्यक्ष सनौली बबलू सिंह, धर्मेंद्र जायसवाल, सुबाष चन्द यादव, अमजद अली, उमाकांत मद्धेशिया, महेंद्र कुमार , राजू कुमार भारती , सभासद प्रेम जायसवाल, आदि लोग उपस्थित रहें।

# दुद्धी विधान सभा क्षेत्र के अति संवेदनशील गांवों में लगेंगे तड़ित चालक यन्त्र ,शासन से मिली मंजूरी

## विधायक रामदुलार गोंड़ के पत्र के बाद शासन ने अति संवेदनशील गांव में तड़ित चालक टावर लगाने की दी मंजूरी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र/म्योरपुर– सूबे की अंतिम विधानसभा क्षेत्र दुद्धी में बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने से प्रत्येक वर्ष हो रही असामयिक मौतों की रोक थाम के लिए लोकप्रिय विधायक रामदुलार गोंड़ ने शासन को पत्र लिख विधानसभा के अति संवेदनशील गांव में तड़ित चालक यंत्र लगाने की मांग किया था। क्षेत्र की समस्या को गम्भीरता से लेते हुए शासन ने विधानसभा क्षेत्र के उन गांव में बड़ी टावर एवं तड़िक चालक यंत्र लगाने की मंजूरी दे दी है जो ज्यादा प्रभावित रहे है ।यदि तड़ित चालक यंत्र लग जाते है तो उक्त गांवों में बरसात के मौसम



में आकाशीय बिजली गिरने से हो रहे असमय मौतों से ग्रामीणों को निजात मिलेगा ।दुद्धी विधायक श्री गोड़ ने बताया कि अपने विधानसभा में हर वर्ष लगभग सैकड़ों की संख्या में निर्दोष ग्रामीण आकाशीय बिजली के चपेट में आने से अपनी जान गवां देते है जिनसे घर स्वामी के ना रहने से बच्चे व परिवार दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो जाते हैं उनका परिवार पूरी तरह से बिखर जाता है ।इस गम्भीर समस्या को देखते हुए शासन को पत्र लिख मैंने मांग किया था विधानसभा क्षेत्र के अति संवेदनशील गांव में जहां आकाशीय बिजली ज्यादातर गिरती है उन गांव में बड़ी टावर के साथ तड़ित चालक यंत्र लगाया जाए जिससे ग्रामीणों की हो रही असमय मौतों से उन्हें बचाया जा सके ,उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सर्वे का कार्य चल रहा है जल्द ही अति संवेदनशील गांव में जहाँ आकाशीय बिजली ज्यादातर गिरती है उन गांव में बड़ी टावर व तड़ित चालक यंत्र लगाया जाएगा।

# दस सूत्री मांगों को माने जाने पर बेमियादी भूख हड़ताल समाप्त

## राजकीय पीजी कालेज गेट पर 41 दिनों तक चला आंदोलन

दैनिक बुद्ध का संदेश

ओबरा (सोनभद्र)। दस सूत्री मांगों को मान लिए जाने पर हरि ओम यादव, आदर्श गुप्ता, रीतेश मिश्र, विकांक रंजन शुभम, ठाकुर प्रसाद गोंड, धीरज कुमार यादव का बेमियादी भूख हड़ताल पर शनिवार को समाप्त हो गया है। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार सिंह, प्राचार्य डा. प्रमोद कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार, पुलिस उपाधीक्षक शंकर प्रसाद ने जूस पिलाकर आंदोलन समाप्त कराया। दस सूत्री मांगों में कुलसचिव ने स्नातक, स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष हेतु सीट



की वृद्धि कर दी गई है। महाविद्यालय में रिक्त पदों हेतु शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा को पत्र प्रेषित कर दिया गया है। स्नातकोत्तर स्तर पर अंग्रेजी, गणित, वनस्पति विज्ञान विषय हेतु पद सृजन के साथ कक्षाएं चलाएं जाने हेतु पत्र लिखा गया है। शासन से प्राप्त बजट से शीघ्र ही पुस्तक मंगा लिया जाएगा। छात्रावास के मरम्मत हेतु जिलाधिकारी स्तर से कार्रवाई की जा रही है। कालेज कैंपस में वाई फाई की व्यवस्था दीपावली बाद कर दिया जाएगा। बालिका छात्रावास के लिए शिक्षा निदेशक को पत्राचार कर दिया गया है। दस नवम्बर तक कैंपस में कैंटीन की व्यवस्था हो जाएगी। छात्र संघ का चुनाव प्रवेश पूर्ण होने पर 15 दिन में चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी। साफ सफाई का कार्य तेजी से पूर्ण करा लिया जाएगा। आंदोलन में प्रमुख रूप प्रदीप यादव, रीसू राजपूत, विशाल गौतम, योगेश शुक्ला, अमन सिंह, विमल यादव, सतेंद्र यादव, प्रिंस शर्मा, अभिषेक यादव, विशाल निषाद, राजू, सरोज आदि बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल रहे। छात्र नेताओं ने कहा कि लिखित आश्वासन पर समय बद्ध मांगों को पूरा नहीं करने पर छात्र फिर से आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे। बता दें कि पिछले 41 दिनों से धरना, क्रमिक अनशन, बेमियादी भूख हड़ताल चल रहा था।

# दबंगों ने गरीब के बन रहे आशियाने की गिराई दीवार



दैनिक बुद्ध का संदेश

रामसनेहीघाट/बाराबंकी। भाजपा सरकार जहां दबंगों पर सख्त कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दे रही है वही दबंगों के हौसले बुलंद हैं क्योंकि दबंगों के प्रति पुलिस प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है जिससे दबंगई चरम सीमा पर है ताजा मामला रामसनेहीघाट विकासखंड दरियाबाद क्षेत्र के इंदरपुर ग्राम पंचायत का है जहां पर दबंगों ने असलम का प्रधानमंत्री आवास लगभग पांच फिट से ज्यादा बन चुका था उसको दबंगो द्वारा गिरा दिया गया है!जबकि असलम अपना आवास अपने पट्टे की जमीन पर बनवा रहा था रात करीब 01 बजे पीड़ित असलम नें 112 नंबर डायल शिकायत दर्ज कराई व थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही गई थी लेकिन अब देखना यह है की दबंग बाबुल,सरबजीत, गुड्डन पर पुलिस क्या कार्यवाही करती है जिससे पीड़ित के हुए नुकसान का हर्जाना वा न्याय मिल सके।

# अधेड़ ने फांसी लगाकर दी जान

दैनिक बुद्ध का संदेश

प्रतापगढ़ ।पारिवारिक कलह के चलते बीती रात एक अधेड़ ने घातक कदम उठाते हुए फांसी लगाकर जान दे दी। कंधई थाना के मौलानी गांव निवासी हरिशंकर वर्मा (52 वर्ष) घर पर रहकर खेती बारी का काम करता था। शनिवार रात लगभग दस बजे खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया ।आज सुबह छः बजे उसका शव घर के समीप स्थित एक नीम के पेड़ की डाल से नायलान की रस्सी के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पांडे व दीवानगंज चौकी के एसआई सुरेन्द्र सिंह ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल अस्पताल भेज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। अधेड़ ने किस कारण फांसी लगाकर आत्महत्या की, इसके बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है। परिजनों की तरफ से कोई भी तहरीर नहीं दी गई है। वहीं अधेड़ द्वारा आत्महत्या किए जाने को लेकर गांव में तरह–तरह की चर्चा होती रही।


**बुद्ध का संदेश**

**(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक

स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक

राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


# अतुल हत्याकांडः दोषी कल्पनाथ उर्फ छांगुर को उम्रकैद की सजा

## 50 हजार रुपये अर्थदंड, न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्तकैद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। चार वर्ष पूर्व जमीन विवाद में हुई अतुल की हत्या के मामले में सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार यादव की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी कल्पनाथ उर्फ छांगुर को उम्रकैद एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं अर्थदंड में से 40 हजार रुपये मृतक के पिता को मिलेगी ।अभियोजन पक्ष के मुताबिक बभनी थाने में 6 जून 2018 को दी तहरीर में असनहर गांव निवासी विश्वनाथ पुत्र स्वर्गीय अमरजीत ने आरोप लगाया था कि उसका 8 वर्षीय बेटा अतुल 6 जून 2018 को शहम 7.30 बजे घर के बाहर खेल रहा था कि कल्पनाथ उर्फ छांगुर पुत्र कृष्ण सहाय साइकिल पर बैठाकर उसे ले गया। उसके बाद से उसका कहीं पता नहीं चल रहा है, जबकि उसे साइकिल पर बैठाकर ले जाते समय कई लोगों ने देखा था। बेटे को हर सम्भावित जगह खोजबीन की गई, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शाम 4 बजे पता चला कि एक बालक का शव बहरा में फेका गया है। जब देखा गया तो बेटे का ही शव था। इस तहरीर पर अभियुक्त कल्पनाथ उर्फ छांगुर समेत तीन लोगों के विरुद्ध धारा 364, 302, 201 आईपीसी में मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचना के उपरांत अभियुक्तगण के विरुद्ध आरोप पत्र प्रेषित किए जाने के उपरांत विचारण सत्र न्यायालय सोनभद्र द्वारा किया गया। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी कल्पनाथ उर्फ छांगुर को उम्रकैद एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई ।अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड जमा किए जाने के उपरांत उसमें से 40 हजार रुपये मृतक के पिता को बतौर प्रतिकर मिलेगा। वहीं दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेंद्र शरण राय राज्य सरकार की ओर से अपने तर्क रखे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

# पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जी का श्रद्धांजलि अर्पित कार्यक्रम 21 अक्टूबर 2022 को

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। किसान मजदूर गांव गरीबों के नेता स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ने वाले गरीबों मजदूरों के शुभचिंतक आदरणीय श्रद्धेय हम सब के नेता माननीय मुलायम सिंह यादव जी का निधन 10 अक्टूबर 2022 को गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में हो गया था नेताजी की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहने की साहस और शक्ति परमपिता परमेश्वर परिवार को प्रदान करें, इसके लिए एक शांति सभा का आयोजन समाजवादी पार्टी बाराबंकी के द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर 2022 को प्रातः 10रू बजे नगर पालिका परिषद नवाबगंज के प्रांगण में किया जा रहा है शांति सभा में श्रद्धेय नेताजी की आत्मा की शांति के लिए समाजवादी परिवार के सभी वरिष्ठ नेतागण पदाधिकारी कार्यकर्ता और नेता जी को मानने वाले समर्थक शांति सभा में अपने चहेते दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे, श्रद्धांजलि सभा में नेता जी के जीवन और उनके द्वारा देश और प्रदेश की जनता एवं गांव गरीब गुरबत में रहने वाले कमजोर असहाय गरीब किसान मजदूर और नौजवानों के लिए किए गए संघर्षों पर अपने विचार साझा करेंगे, और नेताजी के बताए हुए रास्ते पर चलने की शपथ लेते हुए देश समाज गांव गरीब किसान मजदूर की समस्याओं के लिए लड़ी जा रही लड़ाई को और मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हुए अपने श्रद्धा सुमन आदरणीय स्वर्गीय नेता मुलायम सिंह यादव जी को अर्पित करेंगे। आप सभी समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों और नेता जी के चाहने मानने वाले सभी महानुभावों से सादर अनुरोध पूर्वक निवेदन करना है की आप सभी लोग अपने सभी साथियों के साथ इष्ट मित्रों के साथ दिनांक 21 अक्टूबर 2022 को प्रातः 10 बजे नगर पालिका परिषद के प्रांगण में पहुंचकर श्रद्धेय नेता जी आदरणीय मुलायम सिंह यादव जी की आत्मा की शांति के लिए भारी से भारी संख्या में एकत्र होकर श्रद्धांजलि अर्पित करें, और नेताजी के बताए हुए रास्ते चलते हुए द्वारा गांव गरीब गुरबत में रहने वाले सर्व समाज के लोगों की सेवा और सहायता करने के लक्ष्य को और मजबूती पूरा करने का प्रण करें

# सैदनपुर सीएससी में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। सैदनपुर सीएससी में स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर कई मरीजों का जाँच कर इलाज किया गया वह मरीजों को उचित सलाह दी गई जिनमें डॉक्टर संतोष शुक्ला अपनी टीम के साथ मरीजों की देखभाल कर उचित सुविधाएं मुहैया कराई वहीं मरीजों को



स्वास्थ्य संबंधी साफ सफाई रखने की बात कही स्वास्थ्य के बारे में अनेकों जानकारियां दी वही इस मौके पर डॉ संतोष शुक्ला, डॉक्टर सरला अपनी स्वास्थ्य टीम के साथ सैदनपुर सी एस सी स्वास्थ्य मेला में मौजूद रहे।

# उ. प्र. के जनपद बलरामपुर में बाढ़ का पानी अभी भी दुःख दें रहा है ग्राम वासियो को

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। विधानसभा गैसड़ी के जैतापुर में



बाढ़ राहत केंद्र में जाकर बाढ़ प्रभावित गनवरिया. पकड़ी. गौरा गावों में 600परिवारों को राशन किट पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू द्वारा वितरित किया गया ।बाढ़ प्रभावित छेत्रो में रह रहे पीड़ितों को दैनिक उपयोग होने वाले 3किट जिसमें 10किलो आटा.10किलो चावल.10किलो आलू.5किलो लाई.2 किलो दाल. 2किलो चना .1लीटर रिफाइंड तेल. भूजा. नमक. धनियाँ. हल्दी. मोमबत्ती. बिस्कुट. मिर्चा आदि दैनिक आवश्कता की 16 से अधिक घरेलू दैनिक उपयोग की वस्तुए बाटी गई। इसके पूर्व सैलू भैय्या ने स्वम वोट चलाकर करीब 50सों गावों में पीड़ितों को राहत समग्री अपने देख रेख में बांटा।

# खेल मैदान पर लगे ओपेन जिम परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य का एडीओ पंचायत ने किया उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

म्योरपुर–सोनभद्र। रविवार को स्थानीय खेल मैदान पर लगे



ओपेन जिम पर इंटरलॉकिंग कार्य का एडीओ पंचायत रविदत्त मिश्र ने उद्घाटन किया ।उद्घाटन के पश्चात श्री मिश्र ने कहा कि ग्राम पंचायत म्योरपुर में ग्रामीणों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए ओपन जिम की शुरूआत की गयी है ।इस गांव में ओपन जिम की शुरूआत होना वास्तविकता में बेहतरीन कदम है। ओपन जिम परिसर के अंदर व अगल–बगल इंटरलॉकिंग लगने से परिसर साफ, सुथरा, सुन्दर एवं स्वच्छ रहेगा, ग्रामीणों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए ग्राम पंचायत की ओर से ओपन जिम लगवाया गया है। इससे युवा पीढ़ी में कसरत करने के प्रति रूझान बढ़ेगा जिससे वह पूरी तरह तंदुरुस्त रहेंगे और उनकी रोगों से लड़ने के लिए क्षमता बढ़ेगी,इस दौरान ग्राम प्रधान संगीता जायसवाल,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गणेश कुमार जायसवाल, प्रवीण अग्रहरी, इम्तियाज आलम, अमित रावत,विजय यादव,सत्यनारायण गुप्ता, अमित जायसवाल, रविन्द्र अग्रहरि, शुभम अग्रहरी,वार्ड सदस्य रियाज आलम,सजीवन अग्रहरि सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# सदस्यता अभियान के तहत की गई बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के द्वारा देवा ब्लॉक के सलेमपुर गांव में भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राधे लाल वर्मा के द्वारा भारतीय किसान यूनियन में कार्यकर्ता बनाने का अभियान चलाया जाए इसी को



लेकर बैठक की गई जिसमें किसानों की कई समस्याओं को लेकर चर्चा की गई इस कार्यक्रम में उपस्थित राम किशोर पटेल,प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, मंडल अध्यक्ष सनद वर्मा, जिला प्रवक्ता सुधाकर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रईस अहमद,देवा प्रभारी संदीप पटेल, ब्लॉक उपाध्यक्ष देवा प्रदीप कुमार, सक्रिय कार्यकर्ता रजनीश वर्मा आदि लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे कार्यक्रम में बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम संपन्न हुआ!

# बजरंग दल की प्रखंड बैठक का आयोजन किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की प्रखंड बैठक



ग्राम मदारपुर में दुर्गा मंदिर पर प्रखंड अध्यक्ष अजय पाल पटेल की अध्यक्षता में का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष अजय पाल पटेल ने दीप प्रज्वलित कर तथा एकात्मता मंत्र का उच्चारण का बैठक का शुभारंभ किया गया! बैठक में अध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रम हित चिंतक महाअभियान को लेकर एक विस्तृत रूप से चर्चा की गई व रूपरेखा तय की उन्होंने बताया कि हित चिंतन अभियान के अंतर्गत हमें हर घर में हित चिंतक बनाने हैं और सभी कार्यकर्ताओं को हित चिंतक अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया बैठक में प्रखंड संयोजक अंकित मौर्य ने जय श्रीराम के नारे लगाकर बैठक का समापन किया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष अजय पाल पटेल,प्रखंड संयोजक अंकित मौर्य, विशाल मौर्य कुलदीप मौर्य अमित गुप्ता, अमन तिवारी, रवि कुमार,रामदत्त, संदीप मौर्य,आदि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्राम वासी उपस्थित रहे!

# बदलते मौसम में बीमार होने से बचने के लिए अपनाएं ये तरीके



बदलता मौसम में बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है, लेकिन अगर आप चाहें तो इस धारणा को बदल सकते हैं। दरअसल, बदलते मौसम की मार उन्हीं लोगों को झेलनी पड़ती है जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि आप किस तरह से खुद को बदलते मौसम में बीमार होने से बचा सकते हैं ताकि आप दिवाली जैसे आने वाले त्योहारों का जमकर लुत्फ उठा सकें।

बदलते मौसम में हम बीमार क्यों पड़ते हैं?

कई विशेषज्ञों का मानना है कि मौसम परिवर्तन के दौरान बीमारी होने का प्रमुख कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता का कमजोर होना है। इसके अलावा, जब भी मौसम में बदलाव होता है तो कई तरह के वायरस तेजी से हमला करने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप बीमार पडने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि होती है। इसलिए विशेषज्ञ रोग प्रतिरोधक को मजबूत करने वाली बात पर ज्यादा जोर देते हैं।

क्या हैं मौसमी बीमारियों के लक्षण?: बहती नाक, गले में खराश, ठंड लगना, शारीरिक दर्द और बुखार होने सबसे आम लक्षण हैं जो आप मौसमी बीमारी के दौरान अनुभव कर सकते हैं। कुछ लोगों को इसके कारण थकान और चक्कर आने की समस्या का भी सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि बीमारी के दौरान शरीर को रोजाना के कार्य करने और तापमान बनाए रखने के लिए अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इस दौरान होने वाला तेज बुखार किसी गंभीर स्थिति का संकेत दे सकता है।

बदलते मौसम में बीमार होने से कैसे बचें?

अगर आप बदलते मौसम के नकारात्मक प्रभाव से बचना चाहते हैं तो आपको रोजाना संतुलित आहार का सेवन करना चाहिए और रोजाना पर्याप्त नींद लेनी चाहिए। इसके अलावा, नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए, क्योंकि यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती और शारीरिक ऊर्जा बढ़ाने में सहायक है। पानी की खपत बढ़ाएं, फिर चाहे मौसम कोई भी हो। हमेशा 2.5 लीटर से अधिक पानी का सेवन करें। रोजाना सुबह कुछ मिनट धूप में रहें।

बदलते मौसम के दौरान अपने शरीर को समझें

बदलते मौसम में अपने शरीर पर अतिरिक्त ध्यान दें। उदाहरण के लिए देर शाम या रात को नहाना बंद कर दें, मौसम के हिसाब से ऊनी कपड़े पहनें, एयर कंडीशनर को चालू न करें और ठंडे पानी का सेवन करने से बचें।

बीमार पडने पर क्या करें?

अगर आप पहले से ही बदलते मौसम के कारण बीमार पड़ चुके हैं तो डॉक्टर से परामर्श करना सबसे अच्छा है। हालांकि, आप घरेलू उपचार के रूप में गर्म पानी पीना और फल खाना शुरू कर सकते हैं। जिंक और विटामिन– सी, विटामिन– डी और विटामिन– ए जैसे पोषक तत्वों से युक्त पौष्टिक भोजन करें। समय–समय पर अपने शरीर के तापमान की जांच करते रहें और दूसरों से दूरी बनाए रखने समेत पर्याप्त आराम करें।

## हुमा ने डबल एक्सएल, मोनिका, ओ माई डार्लिंग के साथ सौंदर्य मानकों को तोड़ा

अभिनेत्री हुमा कुरैशी, जिनकी आगामी दो फिल्में रिलीज होने वाली हैं–श्डबल एक्सएल्य और स्ट्रीमिंग फिल्म श्मोनिका, ओ




माई डार्लिंग्य, ने दोनों में अपने काम से सौंदर्य मानकों की धारणा को तोडने का फैसला किया है। साथ ही उनकी फिल्में चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां श्डबल एक्स्ट्रा लार्ज्य में अभिनेत्री को एक ऐसी लड़की के दिमाग में आने की जरूरत थी, जो अपने वजन के कारण भेदभाव और अस्वीकृति का सामना करती है, वहीं श्मोनिका, ओ माई डार्लिंग्य के लिए आवश्यक है कि अभिनेत्री का चौनल ओम्फ भागफल हो। अभिनेत्री ने दोनों फिल्मों के लिए बैक–टू–बैक शूटिंग की और उन्हें एक दुविधा का भी सामना करना पड़ा। श्डबल एक्सएल्य में अपने हिस्से के लिए, हुमा ने अतिरिक्त किलो वजन बढ़ाया था और शुरूआत में श्मोनिका, ओ माई डार्लिंग्य के लिए वजन कम करने के लिए एक आहार और वर्कआउट करने की योजना बनाई थी। अभिनेत्री का मानना है कि ऐसी दुनिया में जहां सुंदरता के मानक पितृसत्ता द्वारा निर्धारित किए जाते हैं, आत्मविश्वास की कुंजी है। श्डबल एक्सएल्य 4 नवंबर को स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, इसके बाद 11 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर श्मोनिका, ओ माई डार्लिंग्य रिलीज होगी।






## सलमान खान की टाइगर 3 की रिलीज टली, अगले साल दिवाली पर आएगी फिल्म




सलमान खान और कैटरीना कैफ टाइगर 3 के साथ एक बार फिर दर्शकों के बीच आने वाले हैं। अब इस फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है। मेकर्स ने घोषणा की है कि टाइगर 3 अगले साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म अगले साल 21 अप्रैल को आने वाली थी, लेकिन अब फैंस को फिल्म देखने के लिए और इंताजर करना पड़ेगा। यशराज फिल्म्स के बैनर तले इसका निर्माण किया गया है।

यशराज फिल्म्स ने आज यानी शनिवार को ट्विटर पर फिल्म की नई रिलीज डेट घोषित की है। यशराज फिल्म्स ने एक पोस्टर शेयर करते हुए अपने ट्वीट में लिखा, दिवाली 2023 में दहाड़ेंगे टाइगर! यशराज फिल्म्स के साथ केवल अपने नजदीकी सिनेमाघरों में टाइगर 3 का जश्न मनाएं। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज हो रही है। अब यह फिल्म ईद के मौके पर ना आकर, दिवाली के खास अवसर पर बड़े पर्दे पर आएगी।

फिल्म से सलमान का लुक शेयर किया गया है, जिसमें वह गंभीर मुद्रा में दिखे हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी कैटरीना कैफ के साथ जमेगी। इस फ्रेंजाइजी की फिल्मों में दोनों को दर्शकों ने खूब प्यार दिया है। सलमान फिल्म में रॉ एजेंट अविनाश सिंह राठौर की भूमिका में दिखेंगे। वहीं, कैटरीना को फिल्म में फिर से जोया की भूमिका में देखा जाएगा। इन दोनों को 2019 में रिलीज हुई फिल्म भारत में भी एक साथ देखा गया था।

टाइगर 3 के निर्देशन की जिम्मेदारी मनीष शर्मा को दी गई है। आदित्य चोपड़ा और मशहूर लेखक श्रीराम राघवन ने इसकी पटकथा लिखी है। फिल्म की कहानी में दिखाया जाएगा कि कैसे फिल्म के अहम पात्र टाइगर और जोया अलग–अलग देशों की यात्रा करते हैं। इस फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त में सलमान के साथ कैटरीना भी एक्शन सीन करने वाली हैं। अभिनेता इमरान हाशमी इस फिल्म में विलेन बने हैं।

टाइगर फ्रेंचाइजी की बात करें तो फिल्म एक था टाइगर इसका पहला भाग था, जो 2012 में कबीर खान के निर्देशन में रिलीज हुआ था। फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा था और इसे बॉक्स ऑफिस पर बिजनेस के मामले में भी काफी सफलता मिली थी। इसकी फिल्म सीक्वल टाइगर जिंदा है 2017 में देशभर में रिलीज की गई थी। इसका निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया था। उम्मीद है कि इसके तीसरे भाग को भी जबरदस्त प्रतिक्रिया मिलेगी।

यशराज बैनर की फिल्म पठान अगले साल 25 जनवरी को रिलीज होगी। खबरों की मानें तो पठान में सलमान की टाइगर 3 के साथ एक क्रॉसओवर भी होने जा रहा है, जिसमें शाहरुख खान और सलमान दोनों एक–दूसरे की फिल्मों में कैमियो करेंगे।

टाइगर 3 के अलावा सलमान की एक फिल्म किसी का भाई किसी की जान की रिलीज टल सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, अब सलमान की यह फिल्म 30 दिसंबर को नहीं रिलीज होगी। एक सूत्र ने बताया कि इस फिल्म को ईद के मौके पर 21 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। इसका निर्देशन फरहाद सामजी ने किया है। इसमें सलमान के साथ अभिनेत्री पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

## हॉलीवुड फिल्म से दिशानी चक्रवर्ती करेगी अपने अभिनय करियर की शुरूआत

बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की बेटी दिशानी चक्रवर्ती हॉलीवुड शार्ट फिल्म द गेस्ट से अपने अभिनय करियर की



शुरुआत कर रही हैं। फिल्म द गेस्ट कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में सराहना पा चुकी है। दिशानी ने फिल्म मेकिंग के गुर सीखने के लिए लॉस एंजिल्स में लंबा समय बिताया है।दिशानी चक्रवर्ती ने अभिनेत्री के रूप में अपना करियर शुरू करने से पहले मुंबई में जेफ गोल्डबर्ग स्टूडियो और फिर न्यूयॉर्क फिल्म अकादमी में अभिनय और फिल्म निर्माण का प्रशिक्षण लिया है। उन्हें दो विज्ञापनों फिल्मों में भी काम करने का मौका मिल चुका है।

दिशानी चक्रवर्ती ने कहा, लॉस एंजिल्स में अपना करियर शुरू करने का अपरंपरागत रास्ता चुनना सबसे आसान यात्रा नहीं रही है। लेकिन मुझे उन कहानियों और किरदारों के लिए इतना जुनून है कि मैं हर बढिया किरदार निभाना चाहती हूं। मैं अपने पिता से बहुत कुछ सीख कर बड़ी हुई हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं अपने काम के माध्यम से इसे प्रदर्शित कर सकूंगी।

## शरीर में हो रही है खुजली तो नीम के तेल के साथ लगाए यह चीज



आजकल कई लोग खुजली से परेशान रहते हैं। जी हाँ, खुजली होने की समस्या ऐसी है कि किसी के सामने अगर एक बार व्यक्ति शरीर खुजाने लगे तो उसे शर्म से लाल होना पड़ता है। जी हाँ, लेकिन इस शर्मिंदगी से बचने के लिए लोग खुजाए बिना दर्द सहने पर भी मजबूर हो जाते हैं। आपको बता दें कि खुजली छोटे जीवाणुओं के कारण हो सकती है जो शरीर पर खुजली के साथ–साथ जलन और फुंसी जैसे रैशेज की भी वजह बनते हैं। इसके अलावा कई बार खुजली फैलने वाली भी होती है जिसके चलते घर में किसी एक को हुई खुजली सब में फैल जाती है। जी दरअसल ज्यादातर उंगलियों, गर्दन, कलाई, पैरों और कमर के निचले हिस्से से खुजली शुरु होती है, इस वजह से इसे रोकने के लिए कुछ घरेलू उपायों को आजमा लेना चाहिए। आइए बताते हैं उन घरेलू उपायों के बारे में।

नीम – नीम को खुजली पर बेहद असरदार माना जाता है। जी हाँ और आप शरीर पर नीम की पत्तियों को पीस कर भी लगा सकते हैं या इसके तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। जी दरअसल नीम के एंटी बैक्टीरियल गुण खुजली को कम करते हैं।

हल्दी – हल्दी को नीम के तेल में मिलाकर पेस्ट तैयार करें और इस पेस्ट को खुजली वाली जगह पर लगाएं।

एलोवेरा – खुजली वाली जगह पर एलोवेरा लगाने पर राहत महसूस होती है। जी दरअसल यह खुजली को फैलने से रोकता है। एलोवेरा को स्किन पर लगभग आधा घंटा लगाए रखने के बाद धो लें।

लौंग का तेल – लौंग खुजली के दानों को कम करने में मदद करते हैं। हालाँकि इसको लगाते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

नारियल का तेल – शरीर पर नारियल का तेल लगाने पर खुजली में आराम मिलता है। जी हाँ और इसी के साथ ही नारियल का तेल लगाने पर आपको ठंडक भी महसूस होगी।